संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -206 सोमवार ,29 मई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# देश को मिला नई सुविधाओं से लैस नया संसद भवन

## विधि-विधान के साथ लोकसभा में सेंगोल स्थापित- पीएम मोदी ने किया उद्घाटन



**नई दिल्ली,28 मई 2023(ए)।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज नए संसद भवन का उद्घाटन कर दिया है। इस उद्घाटन कार्यक्रम का कई विपक्षी दलों ने विरोध किया और इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया। तमिलनाडु के अधीनम संतों ने पूरे विधि-विधान के साथ अनुष्ठान कराया। पूजा में प्रधानमंत्री मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला बैठे थे।
हवन-पूजा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन को देश को समर्पित कर दिया है। उन्होंने इस सेंगोल को साष्टांग प्रणाम किया और वहां मौजूद साधुओं का आशीर्वाद लिया। उद्घाटन के समारोह के दौरान लगभग एक घंटे पूजा चली और पूरा भवन वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। इस मौके पर पीएम मोदी के साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला मौजूद था।
उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन श्रमिकों का सम्मान किया जिन्होंने इस नई इमारत को बनाने में अपना योगदान दिया।
बता दें कि नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर तमिलनाडु से 22 संत दिल्ली पहुंचे हैं। नए संसद भवन का निर्माण 862 करोड़ रुपये की लागत से करवाया गया है। इसे सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बनवाया गया है। इस संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा के अलावा एक संयुक्त सत्र के लिए भी बड़ा हॉल बनवाया गया है जिसमें 1272 सीटें हैं। अब नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा। वहीं पुराने संसद भवन का इस्तेमाल संसदीय कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा।
उद्घाटन के मौके पर सबसे पहले पीएम मोदी और लोकसभा स्पीकर पुराने संसद भवन परिसर में मौजूद महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद हवन पूजा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेंगोल का साष्टांग प्रणाम किया और इसे संसद भवन में स्थापित किया। इस मौके पर अलग-अलग धर्मों की प्रार्थना की गई। पुजारी, मौलवी और पादरी ने अपने-अपने धर्म के अनुसार प्रार्थना की।
नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया। इस मौके पर 18 दल सरकार के साथ थे वहीं 29 दलों ने समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया था। उनका कहना था कि इस इमारत का उद्घाटन राष्ट्रपति को करना चाहिए। हालांकि इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति की मौजूदगी नहीं थी।

## पीएम मोदी ने जारी किया 75 रूपए का सिक्का



पीएम नरेंद्र मोदी ने आज संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर एक विशेष डाक टिकट और 75 रुपये का एक विशेष सिक्का जारी किया। इससे पहले आज पीएम मोदी ने राष्ट्र को नया संसद भवन समर्पित किया। इसी के साथ उन्होंने लोकसभा कक्ष में ऐतिहासिक सेंगोल स्थापित किया।

### कैसा होगा 75 रुपये का सिक्का ?

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, सिक्के का वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम के बीच होगा। नोटिफिकेशन में कहा गया कि सिक्के के एक तरफ बीच में अशोक स्तंभ की छवि होगी, जिसके एक ओर देवनागरी लिपि में 'भारत' जबकि दूसरी ओर अंग्रेजी में 'इंडिया' लिखा होगा।

## नए संसद भवन के उद्घाटन में कांग्रेस के नेताओं ने किया जल सत्याग्रह



आज नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद रहे। वहीं नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने इसे लेकर विरोध का अनोखा रास्ता निकाला। कांग्रेस के नेताओं ने राजधानी के मरीन ड्राइव में पानी के अंदर उतर कर कांग्रेस ने जल सत्याग्रह किया। बता दें कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों नहीं कराया जा रहा है। जिसको लेकर विपक्ष के नेता विरोध कर रहे हैं और इसे राष्ट्रपति का अपमान बता रहे हैं। रायपुर में कांग्रेस नेता विनोद तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसी आज तेलीबांधा तालाब में जल सत्याग्रह करते नजर आए। कांग्रेस के नेता का कहना है कि नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों ना करवाने के विरोध स्वरूप जल सत्याग्रह किया। जिसने दर्जनों युवा घंटों पानी में खड़े रहे ।

# दिग्विजय सिंह का कांग्रेस के खिलाफ विवादित बयान

**» दिग्विजय सिंह ने गुस्से में कह दिया कि कांग्रेस जाए भाड़ में**



**भोपाल,28 मई 2023 (ए)।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधानसभा का चुनाव एकजुटता के साथ लड़ने की तैयारी कर रही है और जो कार्यकर्ता नाराज हैं, असंतुष्ट हैं उन्हें भी मनाने की कोशिश जारी है। जमीनी असंतोष और रूठे को मनाने की मुहिम की जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर है। वे विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और सीधे संवाद कर रहे हैं। इस दौरान दिग्विजय सिंह कई जगह न केवल भड़क रहे हैं बल्कि कार्यकर्ताओं से गुस्सा भी हो रहे हैं। खंडवा में तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि जिसको बोलना है उसे बोलने दीजिए बाकी कांग्रेस जाए भाड़ में।
पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य की 66 सीटों की कमान संभाली है, जहां कांग्रेस को लंबे अरसे से जीत हासिल नहीं हुई है। वे उन क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं की बैठक कर उनकी बातें भी सुन रहे हैं। साथ ही यह हिदायत दे रहे हैं कि पार्टी जिसे भी उम्मीदवार बनाए उसका सभी लोग साथ दें ताकि इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बने।
पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह खंडवा में कार्यकर्ताओं की बैठक में थे और विधानसभा स्तर के नेताओं को अपनी समस्याएं बताने और सुझाव रखने का मौका दिया जा रहा था। तभी वहां हंगामा शुरू हो गया, इस पर दिग्विजय सिंह ने कहा, पहले तो आप लोग शांत रहिए, हम लोग सब को सुनेंगे जिससे जो बोलना है बोलिएगा, बाकी भाड़ में जाए कांग्रेस। खंडवा वालों, यह क्या तरीका है आपका, तभी कांग्रेस की ऐसी हालत बना रखी है।
पूर्व मुख्यमंत्री पहली बार गुस्से में नहीं आए हैं। इससे पहले बुरहानपुर में भी ऐसा ही एक मामला आया था जब अल्पसंख्यक नेता को मंच से नीचे उतर जाने को उन्होंने कहा था। इस बैठक में तय व्यवस्था के अनुसार वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष और महिला प्रमुख को मंच पर बैठना था। इसी दौरान ग्रामीण कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष और पार्षद अबरार भी मंच पर पहुंच गए। इस पर दिग्विजय सिंह ने मंच से ही उनसे सवाल पूछ कि यह कौन हैं, क्या यह युवक कांग्रेस के हैं। इस पर अल्पसंख्यक नेता के बारे में बताया गया तो दिग्विजय सिंह ने कहा कि आप यहां न बैठें, मंच के सामने बैठ जाएं।इस पर अल्पसंख्यक नेता यह कहते हुए नीचे उतरे कि आपको अल्पसंख्यकों की जरूरत नहीं है, इस पर दिग्विजय सिंह काफी गुस्सा हुए और यहां तक कह दिया आप यहां से चले जाइए, ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है।

# अमृतसर में बीएसएफ ने मार गिराया पाकिस्तानी ड्रोन

**» 40 करोड़ की हेरोइन जब्त-तस्कर भी पकड़ा**



**अमृतसर,28 मई 2023 (ए)।** अमृतसर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने पाकिस्तानी तस्करों की दो कोशिशों को नाकामयाब कर दिया है। बीएसएफ जवानों ने अमृतसर सेक्टर में दो लोकेशनों से पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से भेजी गई हेरोइन की खेप जब्त की हैं, जिसकी कीमत तकरीबन 40 करोड़ बताई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ एक ड्रोन को गिराने व एक भारतीय तस्कर को पकड़ने में भी सफलता हासिल की है।
बीएसएफ के मुताबिक रात को अटारी बॉर्डर के बिल्कुल पास पुल मोरां में बटालियन 22 के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान दौरान ड्रोन के आने की आवाज सुनाई दी। जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। चंद मिनटों में ही ड्रोन की आवाज बंद हो गई। बीएसएफ अधिकारियों ने जानकारी दी कि उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी। जवानों ने उसका पीछा कर उसे तुरंत पकड़ लिया। उसके हाथ में हेरोइन की खेप थी, जो ड्रोन के साथ आई थी। आरोपी तस्कर को तुरंत पकड़ लिया गया। वहीं जब खेप की जांच की गई तो उसका कुल वजन 3.5 किलोग्राम था। बीएसएफ के अधिकारियों ने तस्कर से पूछताछ शुरू कर दी है।

# ममता बनर्जी ने की पहलवानों के साथ पुलिस कार्रवाई की निंदा



**कोलकाता,28 मई 2023(ए)।** एक बार फिर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में खड़ी दिखीं। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के द्वारा आद संसद भवन की ओर कूच करने की कोशिश के दौरान पुलिस कार्रवाई व हाथापाई की निंदा भी और पहलवानों के साथ खड़े रहने की बात को दोहराया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज ट्वीट करके घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि हमारे चैंपियंस के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया है वो बेहद ही शर्मनाक हैं। सीएम ममता ने ट्वीटर पर लिखा, जिस तरह से दिल्ली पुलिस ने साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य पहलवानों के साथ मारपीट की, उसकी कड़ी निंदा करती हूं। यह शर्मनाक है कि हमारे चैंपियंस के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है। लोकतंत्र सहिष्णुता में है लेकिन निरंकुश ताकतें असहिष्णुता और विरोध को दबाने पर पनपती हैं। मैं मांग करती हूं कि पुलिस हिरासत से पहलवानों को तुरंत रिहा किया जाए. मैं पहलवानों के साथ खड़ी हूं।

# भारत,पाकिस्तान समेत 8 देशों में भूकंप के तेज झटके

**अफगानिस्तान में था केंद्र**




**नई दिल्ली,28 मई 2023(ए)।** भारत, पाकिस्तान, चीन समेत 8 देशों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता 6.3 बताई जा रही है। भारत के पंजाब, जम्मू कश्मीर और हरियाणा में झटके महसूस किए गए हैं। भारतीय राज्यों में 5.6 तीव्रता के झटके महसूस किए गए हैं। आसपास के देशों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान तक में झटके महसूस किए गए हैं।
भूकंप पर नजर रखने वाली संस्था ईएमएससी ने बताया कि अफगानिस्तान के फैजाबाद से 70 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10.19 बजे 5.9 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। तुर्की के काहरामैनमारस के 24 किलोमीटर दक्षिण में भी 3.6 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। वहीं पाकिस्तान के इस्लामाबाद, खैबर पख्तूनवा, पाकिस्तान के पंजाब और अन्य प्रांतों में झटके महसूस किए गए हैं।
तुर्की के दक्षिण-पूर्व में सीरियाई सीमा पर 7.7 और 7.6 तीव्रता के भूकंप ने पूरे देश को हिला दिया था। इससे तुर्की में बड़े स्तर पर जानमाल का नुकसान हुआ। भूकंप का केंद्र गाजियांटेप से 37 किमी पश्चिम-उत्तर पश्चिम में था। भयानक भूकंप ने अकेले तुर्की में करीब 60 हजार लोगों की जान ले ली। भूकंप के झटके से तुर्की का ये इलाका 80 सेकेंड तक हिलता रहा। इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गए थे। तुर्की को इस भूकंप की वजह से 118 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ। तुर्की में फरवरी के भूकंप की वजह से सैकड़ों इमारतें तबाह हो गई।
पिछले साल नवंबर महीने में नेपाल में 5.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था। इसके झटके भारत के कई राज्यों में महसूस किए गए थे। 9 नवबर को दोती जिले में आए भूकंप ने 6 लोगों की जान चली गई थी। इससे पहले 2015 के भूकंप ने नेपाल में 9000 लोगों की जान ली थी।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्यवाही

**» 40 आतंकी ढेर, कई गिरफ्तार**



**इंफाल ,28 मई 2023 (ए)।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में हालात सामान्य होने की बजाय दिनोंदिन बिगड़ते जा रहे हैं। पिछले 8 घंटों से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इसी बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि अब तक अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में 40 आतंकी मारे गएहैं। इसकेअलावा कुछको गिरफ्तार किया गया है। सीएम एन बीरेन सिंह ने बताया कि ये कार्रवाई आतंकवादी समूहों के खिलाफ जवाबी और रक्षात्मक अभियानों के तहत की गई है। उधर, मणिपुर की तलहटी में रविवार को लगभग 14 स्थानों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया, जिस घटना में कम से कम चार लोगों की मौत और कई अन्य लोगों के घायल होने का आशंका है।
हमलावरों की भीड़ ने उरीपोक के भारतीय जनता पार्टी विधायक के. रघुमणि के आवास पर भी हमला किया। पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में कई लोग घायल हुए। भाजपा विधायक के घर को आग के हवाले भी किया गया। आग पर काबू पा लिया गया लेकिन उनका घर पूरी तरह से तहस-नहस हो गया। राज्य में हालात सामान्य होने के साथ ही, हथियारों से लैस कुकी, जिनमें सरकार के साथ शांति भंग करने वाले कैडर भी शामिल हैं, मेइतेई समुदाय के लोगों पर हमले और रोजाना लोगों की हत्या कर रहे हैं तथा घरों को आग के हवाले कर रहे हैं। भारी संख्या में स्थानीय लोग सरकार की विफलता और सैनिकों द्वारा कुकी उपद्रवियों को रूप से संरक्षण प्रदान करने के विरोध में सामने आ रहे हैं। मणिपुर संकट पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी से लोग परेशान होकर राज्य में भाजपा नेताओं पर हमला कर रहे है। अब तक लोग केंद्रीय मंत्री डॉ. आरके रंजन, राज्य में मंत्री गोविंददास, बिश्वजीत और खेमचंद के आवास पर पहले हमला कर चुके हैं। देश की सेना के प्रमुख मनोज पांडे स्थिति की समीक्षा करने के लिए राज्य के दौरे पर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी 30 मई को राज्य का दौरा करेंगे।

# बीरभूम के कई जगहों से भारी मात्रा में बम बरामद



**बीरभूम ,28 मई 2023(ए)।** जिले के कांकड़तला, दुबराजपुर, खैराशोल के बाद अब सैंथिया और मल्लारपुर इलाके से पुलिस ने बड़ी मात्रा में बम बरामद किए हैं. आज सैंथिया और मल्लारपुर इलाकों से करीब दो सौ बम बरामद किए गए. इसमें से 70 बमों को निष्क्रिय कर दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, बम कथित तौर पर सैंथिया के चंदपाड़ा में एक झाड़ी के पीछे छुपाया गया था. स्थानीय लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी. सूचना पाकर तुरंत पुलिस आई और झाड़ियों के पीछे से 70 हथगोले बरामद किए. सूत्रों के मुताबिक झाड़ियों के पीछे दो ड्रम और बमों से भरा एक बैग रखा हुआ था. अभी तक यह पता नहीं चला है कि विस्फोटक किसने और किस उद्देश्य से एकत्रित किया था.दूसरी तरफ, मल्लारपुर के जामुनी गांव में एक सूने पड़े मकान से बड़ी संख्या में बम बरामद किए गए हैं.

# रेत माफिया का ऐसा आतंक,कलेक्टर को डम्पर से कुचलकर मारने की कोशिश

**» हत्या के प्रयास के मामले में ट्रक चालक को किया गया गिरफ्तार**





**बीड,28 मई 2023 (ए)।** देशभर में रेत को लेकर गुंडागर्दी की खबरें अक्सर आती हैं, मगर इस बार जो खबर सामने आयी वह सभी को चौंकाने वाली थी। महाराष्ट्र के बीड जिले में रेत माफिया द्वारा यहां की महिला कलेक्टर को डम्पर से कुचलने की कोशिश का मामला सामने आया है। यहां कलेक्टर ने अवैध रूप से रेत ले जा रहे एक डम्पर के आगे अपनी कार अड़ाकर उसे रोकने का प्रयास किया था, लेकिन उसने रुकने के बजाय डम्पर की स्पीड बढ़ा दी।
पुलिस के अनुसार, गुरुवार(25 मई) तड़के बीड जिले के गेवराई तालुका में हुई इस घटना में कलेक्टर दीपा मुधोल मुंडे की कार भी रेत में फंस गई, जब डंपर के ड्राइवर ने उसे टक्कर मारकर अचानक सड़क से नीचे धकेल दिया था। कलेक्टर का पुलिस गार्ड डम्पर को रोकने की कोशिश में उसके ड्राइवर पर खिड़की की साइड से कूद तक पड़ा था।
बिना नंबर की ट्रक में रेत परिवहन
एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर अपने सरकारी वाहन में बॉडी गार्ड के साथ औरंगाबाद से बीड आ रही थीं, जब उन्होंने गुरुवार तड़के लगभग 3.15 बजे धुले-सोलापुर राजमार्ग पर गेवराई के माडलमोही गांव के पास बालू लदे एक डंपर को देखा। ट्रक में नंबर प्लेट नहीं थी। कलेक्टर ने अपनी कार के ड्राइवर से डंपर को रोकने की कोशिश करने को कहा। कलेक्टर के ड्राइवर ने डम्पर को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इसके बाद कलेक्टर ने ड्राइवर से कहा कि वह अपनी कार को ट्रक के आगे ले जाए, ताकि वह रुक जाए। लेकिन जब उसने ऐसा किया तो डंपर ड्राइवर ने स्पीड बढ़ा दी। हालांकि पहली बार में कलेक्टर के ड्राइवर ने को टक्कर होने से बचा लिया।

## संपादकीय

### ध्यान भटकाने का उपाय

जिस देश में लगभग 15 प्रतिशत प्राइमरी स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक हो, वहां यह सवाल कतई अहम नहीं हो सकता कि शिक्षक स्कूलों में क्या ड्रेस पहनें। लेकिन भटकी प्राथमिकताओं के इस दौर में सरकारों ने इसी मुद्दे को अहम बना दिया है। भारत में जरूरत स्कूल सहित हर स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की है। शिक्षा देने वाले या पाने वाले सीखने-सिखाने के दौरान क्या पहनते हैं, यह एक प्रासंगिक मुद्दा है। जिस देश में लगभग 15 प्रतिशत प्राइमरी स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक हो, वहां यह सवाल कतई अहम नहीं हो सकता कि शिक्षक स्कूलों में क्या ड्रेस पहनें। लेकिन भटकी प्राथमिकताओं के इस दौर में सरकारों ने इसी मुद्दे को अहम बना दिया है। तो अब असम में स्कूल शिक्षक अपनी मर्जी के कपड़े पहन कर स्कूल नहीं जा सकेंगे। असम सरकार ने अब शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड तय कर दिया है। अगर शिक्षकों के एक तबके में इसको लेकर नाराजगी है, तो उसे वाजिब ही कहा जएगा। उनकी यह बात सही है कि वैसे भी तमाम शिक्षक शालीन कपड़े पहन कर स्कूलों में आते हैं। जबकि सरकार के आदेश से संदेश देने की कोशिश की गई है जैसे ज्यादातर शिक्षक अजीबोगरीब और फैशनेबल कपड़े पहन कर काम पर आते हों। बहरहाल, असम ऐसा करने वाला पूर्वोत्तर का पहला राज्य बन गया है। असम स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड जारी करते हुए सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए टी-शर्ट, जींस और मनमानी पोशाक पहनने पर पाबंदी लगा दी है। महिला शिक्षकों के लेगिन्स पहनने पर रोक लगाते हुए उनसे सलवार सूट, साड़ी या असम की पारंपरिक पोशाक मेखला चादर पहनकर शिक्षण संस्थान में आने को कहा गया है।

# शांति अभियानों में संलग्न हैं एक लाख से ज्यादा शांति रक्षक

24 अक्तूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी, जो एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व शांति के साथ-साथ मानवाधिकार, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति तथा अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यरत रहा है। इसकी स्थापना द्वितीय विश्वयुद्ध के विजेता देशों ने मिलकर इस उद्देश्य से की थी ताकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष के मामलों में हस्तक्षेप करने से भविष्य में पुनः विश्वयुद्ध जैसे हालात न उभरने पाएं। इन देशों में अमेरिका, यूके, फ्रांस, रूस इत्यादि दुनिया के शक्तिशाली देश शामिल थे। संयुक्त राष्ट्र के संस्थापकों को उम्मीद थी कि वे इसके जरिये युद्ध को सदा के लिए रोक पाएंगे किन्तु 1945 से 1991 के शीत युद्ध के समय विश्व के विरोधी भागों में विभाजित होने के कारण शांति रक्षा संघ को बनाए रखना बहुत कठिन हो गया था।

29 मई 1948 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इसरायल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए वहां यूएन द्वारा शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। दुनियाभर में शांति बहाल करने में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों की अहम भूमिका रहती है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जान दांव पर लगाकर कार्य करते रहे हैं और फिलहाल विश्वभर में एक लाख से भी अधिक पुरूष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं, जिनमें विभिन्न देशों में करीब 96 हजार सैनिकों और पुलिसबल के अलावा लगभग 15 हजार आम नागरिक और हजारों स्वयंसेवक यूएन के शांति रक्षा मिशन में शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है और इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में शांति रक्षा के लिए तैनात हैं।



जहां तक यूएन के शांति मिशनों में भारत की भूमिका की बात है तो सबसे पहले नवम्बर 1950 से जुलाई 1954 तक चले कोरियाई युद्ध के दौरान भारत की ओर से इस मिशन में 17 अधिकारी, 9 जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) तथा 300 सैनिक तैनात किए गए थे। भारत हथियारों से लैस एक दल को 1956 से 1967 के बीच संयुक्त राष्ट्र की आपातकालीन सेना में भेजने वाला देश भी बना था। उस अवधि के दौरान भारत की ओर से 393 अधिकारी, 470 जेसीओ तथा 12383 जवान संयुक्त राष्ट्र के मिशन में शामिल हुए थे। 1960 से 1964 तक चले यूएसओसी कांगो मिशन में भारतीय वायुसेना के छह कैनबरा बॉम्बर एयरक्राफ्ट भी तैनात किए गए थे, जिनमें 467 अधिकारी, 401 जेसीओ तथा 11354 जवानों ने हिस्सा लिया था और उस मिशन में 39 सैनिकों ने अपने प्राण भी गंवाए थे। 1992 से 1993 तक कम्बोडिया में भारत ने सीजफायर की निगरानी की थी तथा चुनाव के दौरान भी कम्बोडिया की सहायता की थी। उस दौरान भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र के इस मिशन में 1373 सैनिकों की तैनाती की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2002 में आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार 'शांति रक्षा मिशन' को अधिकार दिए गए और 29 मई को 'शांति रक्षक दिवस' के रूप में नामित किया गया, तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन को 'संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस' के रूप मंप मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की अपनी कोई स्वतंत्र सेना नहीं होती और शांति रक्षा का प्रत्येक कार्य सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित होता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक होता है और कनाडा तथा पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। शांति रक्षक दल संयुक्त राष्ट्र को उसके सदस्य देशों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जो प्रायः ऐसे क्षेत्रों में भेजे जाते हैं, जहां हिंसा कुछ समय पहले से बंद है ताकि वहां शांति संघ की शर्तों को लागू रखते हुए हिंसा को रोककर रखा जा सके।

यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 75वीं सालगिरह मना रहा है। यूएन के पिछले 75 वर्षों के शांति रक्षक अभियानों में जहां अब तक दुनियाभर के 4000 से भी ज्यादा शांति रक्षकों ने अपने प्राणों की आहूति दी, वहीं इनमें भारत के शहीद हुए शांति रक्षकों की संख्या करीब 170 है, जो किसी भी अन्य देश के मुकाबले सर्वाधिक है। वर्ष 2017 में संयुक्त राष्ट्र के किसी भी शांतिरक्षक अभियान में भारत के किसी भी शांतिरक्षक को अपने प्राणों की आहूति नहीं देनी पड़ी थी। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस वैश्विक शांति के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले ऐसे संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों की स्मृति के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने शांति स्थापना में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। इस दिन संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रबंधन कार्यों में अपने उच्च स्तर की व्यावसायिकता, समर्पण और साहस का प्रदर्शन करते अपनी जान गंवाने वाले शांति रक्षकों को श्रद्धांजलि दी जाती है। शांति रक्षकों को मरणोपरांत 'डैग हैमारस्जोल्ड मैडल' प्रदान किया जाता है। यह पदक कर्त्तव्य निर्वहन के दौरान अदम्य साहस और बलिदान के लिए दिया जाता है। इस सम्मान की स्थापना वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र के दूसरे महासचिव डैग हैमारस्जोल्ड की स्मृति में की गई थी, जिनकी 1961 में एक विमान हादसे में मौत हो गई थी। शांति रक्षक अत्यधिक जोखिम उठाते हुए प्रतिदिन विभिन्न देशों में पुरूषों, महिलाओं और बच्चों की हिंसा से रक्षा करते हैं।



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

# सफलता,असफलता जीवन के दो अहम पहलू

### आत्मविश्वास का दामन ना छोड़े संयम और मनोबल विश्वास की कुंजी

असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती हैद्यअसफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर

**सफलता और असफलता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं मान लो तो असफलता और ठान लो तो सफलता**

असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

**दिल ना उम्मीद तो नहीं**
**नाकाम ही तो है,**
**लंबी है गम की शाम**
**मगर शाम ही तो है।**

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है।

आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है।

आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ़्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि

ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है।

मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी और सबसे बड़े सफलता के और आत्मविश्वास के उदाहरण महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देश को आजादी दिलाने का महान कार्य किया है। फिर ऐसा क्या है कि देश के युवा वर्ग की बड़ी जनसंख्या हाथ में हाथ धरे सफलता का बैठे-बैठे इंतजार करना चाहती है।

देश के नौजवानों को हमारे सफल महापुरुषों से शिक्षा लेकर सफलता के लिए अनंत तक आत्मविश्वास के साथ निरंतर श्रम करना चाहिए जिससे न सिर्फ उनका भला हो बल्कि पूरे समाज और पूरे देश का भला हो सके और देश पूरे विश्व में सीना तान कर अपने आसपास और सफलता की गाथा सुना सके। यह देखा गया है कि मानव अहंकार को ही आत्मविश्वास समझने की भूल कर देते हैं किंतु आत्मविश्वास घमंड और अहंकार मैं बहुत बड़ा फर्क है। आत्मविश्वास अहंकार विहीन विनम्रता के साथ परिश्रम और संयम संकल्प लेकर सफलता के लक्ष्य की ओर पदार्पण ही है। फल स्वरुप अहंकार को त्याग कर संपूर्ण विश्वास को लेकर देश हित में सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

# क्या हम अच्छे पूर्वज बन सकते हैं?

हमारे माता पिता, दादा दादी, नाना नानी, ताऊ ताई आदि हमारे पूर्वज हैं। इनसे हमें बहुत मूल्यवान संस्कार, रीति रिवाज, अनुभव, त्योहारों का मनाना, घर आए मेहमान का मान सम्मान करके सौभाग्य समझना, अपने बुजुर्गों का आज्ञाकारी होना, उनका सम्मान करना, बुढ़ापे में उनकी सेवा करना, सच बोलना, परिश्रम करके कमाना और मिल बांट कर खाना, कमजोरों, गरीबों, स्त्रियों, बच्चों तथा लाचार लोगों पर दया करना, साधारण जीवन व्यतीत करना तथा उच्चन विचार रखना, बुरा काम करते समय परमात्मा से डरना, पड़ोसी अथवा हमसाए के साथ मिल जुल कर रहना, दुख सुख में एक दूसरे का साथ देना, अपनी आमदनी के मुताबिक घर गृहस्ती पर खर्च करना तथा थोड़ी बहुत बचत करते रहना, व्यवसाय में ईमानदारी का व्यवहार करना आदि आदि बातें हमें अपने पूर्वजों से विरासत के तौर पर प्राप्त हुई है। हमारे पूर्वज समझदार, विद्वान, दूरदर्शी, भाईचारा बढ़ाने वाले, संयम तथा धैर्य रखने वाले, किसी का हक ना मरने वाले, सबके लिए त्याग करने वाले, अनेक धार्मिक ग्रंथों के लेखक, परिवार में सुख शांति बनाकर रहने वाले थे, तभी तो घर को स्वर्ग कहा जाता था! प्रत्येक देश के पूर्वजों का वर्तमान पीढ़ी के लिए अपने अपने ढंग का योगदान होता है! भारत के पूर्वज हमारे लिए लाजवाब सभ्यता, संस्कृति, परंपरा, रीति रिवाज, त्योहारों को शालीनता से बनाना, विवाह शादियों को गरिमामय ढंग से इस तरह मनाना के सभी रिश्तेदार सम्मानित महसूस करें। हमें जो कुछ अपने पूर्वजों से मिला है वह उपयोगी, फक्र वाला ही नहीं बल्कि इससे हमारा देश विश्व गुरु बन सका है।

अपने पूर्वजों से इतनी मूल्यवान धरोहर प्राप्त करने के बाद हमें अपने आप से यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हम अच्छे पूर्वज साबित हो सकेंगे? जिस तरह दुनिया तथा हमारे देश में हालात चल रहे हैं वो इतने निराशाजनक हैं कि अगर हम ईमानदारी और निष्पक्षता से देखें तो हमें अपने व्यवहार, विचार, आहार तथा संबंधों को निभाने को लेकर बहुत शर्म आएगी। वैज्ञानिक तरक्की के कारण बेशक हमारे पास बहुत सारा पैसा, सुख सुविधाएं, विकास, सुरक्षा के साधन आ गए हों लेकिन जिस तरह हमारे सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक हालात हैं और जिस तरह हमारे परिवारों की स्थिति है उस सबको देखकर तो ऐसे लगता है कि हम स्वार्थी, अहंकारी, लालची, क्रोधी, बड़े छोटे की लिहाज ना करने वाले, दूसरों का शोषण करने वाले, कामवासना में लिप्त, धर्म का आडंबर रचाने वाले, मुखोटे बदल बदल कर स्वार्थ सिद्धि करने वाले, प्राकृतिक साधनों का दोहन करने वाले तथा आने वाली पीढ़?यों की चिंता ना करने वाले, बेईमान, कामचोर, भ्रष्ट, छोटी-छोटी बात पर झूठ बोलने वाले, कमजोर को दबाने वाले, अनैतिक व्यवहार करने वाले, दान पुण्य किए बिना धन संपत्ति का संचय करने वाले , पराया धन तथा पराई नार पर बुरी नजर रखने वाले बन जाने के कारण हम किसी भी तरह अच्छे पूर्वज बनने के रास्ते पर नहीं चल रहे। आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में हम नदियों, पहाड़ों, वनों, झीलों आदि के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग इतनी बढ़ गई है कि बिना मौसम के बरसात, ओलावृष्टि, भूचाल, आंधी, तूफान, सुनामी आदि आते हैं जोकि भविष्य की पीढ़ी के लिए खतरे की घंटी है। जिस तरह हम जल साधनों को बर्बाद कर रहे हैं बहुत जल्द पीने के लिए लोगों को पानी नहीं मिलेगा, जिस तरह भारत तथा विश्व की आबादी बढ़ रही है, रहने के लिए घर, बिजली पानी, साफ हवा, पर्यावरण की शुद्धता एक सपना बनकर रह जाएगी। कमाल की बात यह है कि हम पतन की ओर जा रहे हैं लेकिन हम ना तो परिवार, समाज, देश तथा विश्व के बिगड़ते हुए हालात का सोचते हैं और ना ही आने वाली पीढ़ी का! आजकल लगभग सभी देश अपने दुर्लभ साधनों को विकास तथा कल्याण पर खर्च करने के बदले में सुरक्षा के कामों पर लगा रहे हैं! हमारे राजनेता कर्तव्यनिष्ठ नहीं है! उन्हें सिर्फ सत्ता सिंहासन तक पहुंचने की तथा बने रहने की फिक्र है! इसके लिए वह कोई भी तरीका इस्तेमाल कर सकते हैं! संयुक्त परिवार तो पुरानी बात हो गई है! जिस परिवार में पति पत्नी और बच्चे रहते हो, बुजुर्ग ना हो वहां भी कोई सुख शांति नहीं है! परिवार के सभी सदस्य मिल बैठकर खाना नहीं खाते! परिवार के सदस्य एक दूसरे पर विश्वास करने के बदले में बाहर के लोगों पर विश्वास करके घर की बातों का खुद ही पर्दाफाश करते हैं! पति पत्नी, बाप बेटा, भाई बहन आदि में कोई प्रेम नहीं! सब कुछ उल्टा पुल्टा हो रहा है! ऐसी स्थिति में हम अच्छे पूर्वज बिल्कुल नहीं बन सकते! हमने अपनी बुजुर्गों से जो कुछ अच्छी बातें सीखी हैं, अच्छे संस्कार, आदतें आदि सीखी हैं हम वो आने वाली पीढ़ी को नहीं देकर जा रहे। भौतिकता वाद की चकाचौंध ने हमें अकल का अंधा बना दिया है। कहीं संतोष नहीं। कहीं चैन नहीं। आज हमारे पास सब कुछ है, लेकिन सुख शांति, सुकून, संयम, धैर्य, सब्र, प्रति सम्मान, गरीबों के प्रति दया, इंसानियत, संवेदनशीलता आदि बिल्कुल नहीं है। ऐसे में हम अच्छे पूर्वज कैसे बन सकते हैं। अगर हम कोई अच्छी बात करें भी तो आजकल के बगावत पर उतारू बच्चे वह बात होने नहीं देते! विडंबना यह है कि आजकल के बच्चों को बड़े बुजुर्गों की धन-संपत्ति तो चाहिए लेकिन उनसे किसी प्रकार की सलाह नहीं चाहिए! आजकल के नौजवानों को अपने बुजुर्गों के अनुभव से कुछ लेना-देना नहीं! आज के पूर्वजों की यह लाचारी है कि कोई उनकी बात मानता नहीं! आजकल घर के महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण मामलों का फैसला बुजुर्ग लोग नहीं करते बल्कि घर के बच्चे ही करते हैं! और बच्चों में क्योंकि अनुभव का, ज्ञान का अभाव होता है तो वे मामलों का निपटारा उसी तरह से नहीं करते जैसे कि बुजुर्ग किया करते थे! उन्हें हर काम में जल्दी है! उनकी दिलचस्पी पूरा क्रिकेट का मैच खेलने के बदले में 20-20 खेलना ज्यादा पसंद है! जब आज के बुजुर्गों की कोई मानता ही नहीं तो सीधी सी बात है कि हम अच्छे पूर्वज साबित नहीं हो सकते! इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा!



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

## भोले की चितवन

मन थिरक-थिरक खिल उठता है,
जब भोले के संग चलता है,
कदमों से कदमताल करता,
बस भोले-भोले करता है।
मन थिरक-थिरक .....
अपने हाथों से बना भोग,
जब भोले को लग जाता है,
मन के भावों का तार-तार,
सारा उसमें घुल जाता है।
मन थिरक-थिरक .....
एक छोटा -सा दीप जलाकर,
उजियारा तुम बाहर करते,
मन में भेद नहीं भोले के,
वो अंतस को रोशन करते।
मन थिरक-थिरक .....
अपने हाथों में ऊर्जा भर,
हमनें जब सुर-ताल बजाई,
भोले नें पलकें झपकाकर,
होले से ली एक अंगड़ाई।
मन थिरक-थिरक ....
रोम-रोम भर गया प्रेम-से,
भोले की चितवन पाई,
चरणों में शीश झुका भोले के,
आंखें उनकी भी मुस्काई।
मन थिरक-थिरक....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,
इन्दौर,(मध्यप्रदेश.)

## बेटी है महान

मैं हूँ आज की बेटी बलवान
समझ रही हूँ ना समझो अनजान
हम से है ये जगत और ये जहान
मैं नारी हूँ वीरांगना हिन्द महान
हर क्षेत्र में अब हमारी हैं पहचान
सेना हो या पुलिस हिन्दुस्तान
चुनौती ली है बन नारी की शान
बेटी नहीं अब बोझ बनी रे इन्सान
प्रशाषण में भी है बज रही डंका
जला रही हूँ अपराध की लंका
झांसी की रानी बनी ना कर शंका
कमजोर नहीं अब नारी मन का
यूपीएस सी में प्रथम हूँ अब आई
देश की करने सब जन की भलाई
अब ना कोई बेटी दहेज में जलेगी
अपराधी को सजा मिल जायेगी
बहुत सताया है हमें तेरा अभिमान
हम नारी से बनेगी भारत महान
नारी औरत बन बहुत कष्ट है पाई
कुछ तो हमें कहा था हरजाई
हम भी शाषण की भेद है जाना
रग रग में है वीरांगना देखो जमाना
हवाई जहाज हम ने सीखा उड़ाना
बंदूक भी मेरी हाथ ने सीखा चलाना



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला
बाँका बिहार

# पीएम,सीएम,डीएम का सत्ता केंद्रीकरण!

हाल में भारत में लोकतंत्र और विकेंद्रित शासन व्यवस्था के अहम पड़ाव थे। पिछले साल आजादी के 75 साल पूरे हुए। धूमधाम से आजादी का अमृत महोत्सव मना। फिर इस अप्रैल में 24 तारीख को भारत में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के 40 साल पूरे हुए। इस मौके पर अखबारों में लेख आदि छपे और यह हल्ला हुआ कि किस तरह से देश में शासन आम लोगों तक पहुंचा है। मगर लोकतांत्रिक और स्थानीय शासन व्यवस्था के इन महत्वपूर्ण पड़ावों के बीच की हकीकत क्या है? यह सत्य कि पिछले नौ साल में देश में सत्ता का जैसा केंद्रीकरण हुआ है उसकी मिसाल आजाद भारत के इतिहास में कोई नहीं है। भारत में यह जुमला सुना जाता रहा है कि पद तो सिर्फ तीन होते हैं- पीएम, सीएम और डीएम। लेकिन इस जुमले के बावजूद सत्ता का केंद्रीकरण संपूर्ण नहीं था। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कितने भी ताकतवर रहे हों उनकी सरकारों में ऐसे मंत्री होते थे, जोखुल कर अपनी बात कहते थे। अपनी समझ से फैसला करते थे। कम से कम अपने मंत्रालय चलाने का अधिकार मंत्रियों को होता था। लेकिन अब दिल्ली से लेकर हर राज्य की राजधानी में सिर्फ एक ही कार्यालय से सारे मंत्रालय चलते हैं। इसी तरह जिला प्रशासन में कलेक्टर की सारी ताकत के बावजूद पहले दूसरे अधिकारी और चुने हुए जन प्रतिनिधियों का मतलब होता था। अब उनका कोई मतलब नहीं बचा है।

कहने को देश में 776 सांसद और करीब 43 सौ विधायक हैं। इनके अलावा पंचायती व्यवस्था में चुने हुए लाखों प्रतिनिधि हैं। लेकिन किसी का कोई मतलब नहीं है। कह सकते हैं कि एक प्रधानमंत्री, 28 मुख्यमंत्री और 766 कलेक्टर यानी देश में कुल 795 लोग हैं, जो 140 करोड़ लोगों के भाग्य विधाता हैं।

केंद्रीकरण की इस बरबादी की शुरुआत प्रधानमंत्री कार्यालय यानी पीएमओ से हुई। पहले भी पीएमओ बहुत महत्वपूर्ण होता था लेकिन उसका काम समन्वय बनाने का था। अलग अलग मंत्रालयों के मंत्री अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं पर काम करते थे। उनको पीएमओ की ओर से उनको आगे बढ़ाने में सहायता और सहूलियत मुहैया कराई जाती थी। लेकिन अब उलटी गंगा बह रही है। अब मंत्रियों को अपने विभाग में बैठे रहना होता है। उनके पास पीएमओ या कैबिनेट सचिवालय से निर्देश आते हैं। सारी योजनाएं वहां बनती हैं, सारे फैसले वहां होते हैं, फंड का आवंटन वहां से होता है और उसके बाद उस पर अमल के लिए दस्तावेज मंत्रालयों के पास भेजे जाते हैं।

कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों के किसी मसले पर अपनी राय जाहिर करने की बात बीते जमाने की हो गई है। अपने कामकाज की छोड़िए ज्यादातर मंत्रियों की यह स्थिति है कि वे अपने निजी स्टाफ अपनी मर्जी से नहीं रख सकते। किस मंत्री के साथ पीएस, ओएसडी और पीए कौन होगा, इसका फैसला पीएमओ से होता है। मंत्रालय के सचिव और संयुक्त सचिव भी ऊपर से तय होते हैं। तभी वे मंत्री की बजाय ऊपर ही रिपोर्ट करते हैं। मतलब आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीअकेले सर्वज्ञ हैं। वे शताक्षी हैं, जिनकी सौ आंखें हैं। वे सहस्त्रबाहु हैं, जिनके हजार हाथ हैं। वे प्रज्ञाचक्षु हैं, जिनको हर बात का ज्ञान है। वे 18-18 घंटे काम करते हैं ताकि किसी और को काम नहीं करना पड़े। वे अकेले हर काम करने में सक्षम हैं।

उनके किसी मंत्री की जरूरत नहीं है। काम में मदद करने के लिए उनके पास अधिकारियों की फौज है। मंत्री सारे नकारे हैं लेकिन उनको इसलिए रखा गया है ताकि बताया जा सके कि सरकार में कितने ओबीसी, कितने दलित और कितने आदिवासी मंत्री हैं, जो देश के किन किन हिस्सों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चूंकि संविधान में ऐसी व्यवस्था की गई है कि लोकसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 फीसदी या दोनों सदनों के सदस्यों की कुल संख्या के 10 फीसदी के बराबर मंत्री बनाने हैं तो बना दिया गया है। बाकी किसी का कोई खास मतलब नहीं है। न कामकाज में और न राजनीति में। कुछ मंत्री इसके अपवाद हो सकते हैं लेकिन आमतौर पर यह स्थिति बन गई है। पीएमओ की गंगोत्री से यह परंपरा निकली तो राज्यों के सीएमओ तक पहुंची। किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री ही सब कुछ करता है। उसके पास अधिकारियों की फौज के साथ एक सीएमओ है, जहां सारी योजनाएं बनती हैं और सारे फैसले होते हैं। उसमें मंत्रियों की भूमिका नहीं के बराबर रह गई है। मुख्यमंत्री सर्वोच्च है। उसके नाम पर राजनीति होती है और चुनाव जीते जाते हैं इसलिए सारे काम उसी को करने चाहिए। असली ताकत उसके पास है। बाकी सबके पास आभासी ताकत है। जैसे आसमान में चांद, सितारे सब सूर्य की रोशनी पाकर चमकते हैं उसी तरह केंद्र में प्रधानमंत्री और राज्यों में मुख्यमंत्री के पास ही सूर्य की तरह रोशनी है, जिससे सारे मंत्री, अधिकारी आदि रोशन होते हैं। उनके ताकत का स्रोत पीएम या सीएम ही है। उनकी अपनी न कोई चमक है, न कोई ताकत है और न कोई समझदारी है। वे पीएम और सीएम की कृपा से पद पर बैठे हैं और बैठे रहना उनका काम है।

इसी तरह राज्यों में डीएम या डीसी हैं, जिन्हें कलेक्टर यानी समाहर्ता या डिप्टी कमिश्नर या उपायुक्त कहा जाता है। हिंदी में इनके लिए जिलाधिकारी और कुछ जगहों पर जिलाधीश तक का विशेषण इस्तेमाल होता है। अब जिलों में कलेक्टर सिर्फ कर वसूलने वाला नहीं रह गया है, बल्कि जिलाधीश हो गया है, जो सर्वोच्च गद्दी पर बैठा है। उसके आगे किसी की नहीं चलती है। जिलाधीश सीधे राज्यों की राजधानी में 24 घंटे काम करने वाले सीएमओ के संपर्क में होता है। जिले का कोई चुना हुए प्रतिनिधि उसे निर्देश नहीं दे सकता है। केरल जैसे एकाध राज्य अपवाद हैं, जहां अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे चुने हुए प्रतिनिधियों के आने पर खड़े होकर उनका स्वागत करेंगे। बाकी कहीं कलेक्टर या उनसे नीचे के अधिकारी भी ऐसा करना जरूरी नहीं समझते हैं। ज्यादातर जिलों में जन प्रतिनिधियों की हिम्मत नहीं होती है कि वे अधिकारी से अधिकार के साथ बात कर सकें। इन दिनों जिस व्यवस्था ने आकार लिया है उसमें उनको डर रहता है कि अधिकारी सीधे सीएमओ में शिकायत कर देगा तो जन प्रतिनिधि होने की जो नौकरी मिली है वह छिन सकती है। जन प्रतिनिधियों का यह डर दिल्ली से लेकर राज्यों की राजधानी और जिला मुख्यालय तक एक जैसा है। हर जगह अधिकारी राजनीतिक आका के सीधे संपर्क में हैं और वे बिना हैसियत के चुने गए जन प्रतिनिधियों की शिकायत आलाकमान से कर सकते हैं। जन प्रतिनिधियों को अपने आलाकमान के दर्शन कभी कभार ही होते हैं। उस समय भी कुछ कहने की उनकी हिम्मत नहीं होती है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ शासन और प्रशासन का केंद्रीकरण हुआ है। राजनीति भी पूरी तरह से केंद्रीकृत हो गई है। भारतीय जनता पार्टी जैसी संगठन आधारित पार्टी पूर तरह से अब एक व्यक्ति केंद्रित है। एक चेहरे की सौगंध खाकर नेता राजनीति करते हैं और चुनाव लड़ते हैं। यह पिछले नौ साल में हुआ है।

**हरिशंकर व्यास**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# आंधी पानी में गिरे गई विशाल पेड़, जिले भर में बाधित रही बिजली

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण शुक्रवार को तेज आंधी के साथ दो से तीन घंटे झमाझम बारिश हुई। तेज हवा चलने के कारण शहर सहित ग्रामीण इलाकों के कई विशाल पेड़ गिर गए। शहर के संजय पार्क के समीप चलती ऑटो पर पेड़ गिर जाने से ऑटो चालक दब गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस पेड़ की चपेट में आने से शहर के बंगाली चौक व संजय पार्क के जोडऩे वाले विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई। इसके अलावा शहर के कई इलाकों में लगभग 18 घंटे बिजली गुल रही। बिजली विभाग के चीफ ईई एसपी कुमार ने बताया कि संजय पार्क के पास गिरे पेड़ के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली बाधित रही। पेड़ गिरने से कई विद्युत खंभे, ट्रांसफार्मर डीपी टूट जाने से कई इलाकों में बिजली गुल रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के माने तो हंसुली, चठिरमा, मेन्ड्रा खुर्द सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में भी बिलाशाल पेड़ गिरने से कई विद्युत खंभा टूट गए। वहीं 6 से 7 ट्रांसफार्मर खराब हो गए। एसपी कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में




तो रात करीब 12 बजे के बाद विद्युत व्यवस्था बहाल करा दी गई थी। पर ग्रामीण इलाकों में रविवार की दोपहर तक काम चलता रहा। शहर के कुछ क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों में करीब 18 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही। शहर के कुछ इलाकों में विद्युत व्यवस्था चौपट हो जाने के बाद विभाग के लगभग 60 कर्मचारी व्यवस्था में सुधार के लिए पूरे रात जुटे रहे। इसके साथ-साथ लगभग 10 गाडिय़ां क्षेत्र में घूम-घूम कर सुधार कार्य करती रही। रात 12.30 बजे तक शहर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बहाल करने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की दोपहर तक मरम्मत का काम चलता रहा। शहर के नमनाकला वार्ड क्रमांक 13 मंगल पाण्डेय वार्ड में विगत 18 घंटो से बिजली गुल रही। उमस भरी गर्मी में बिजली गुल रहने से वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं होने से गर्मी और पानी की समस्या से वार्डवासियों को झूझना पड़ा। वार्डवासियों का आरोप है कि बिजली ऑफिस में शिकायत करने के बाद भी बिजली सुधारने का काम नहीं किया गया।



# एसपी भावना गुप्ता ने बच्चों के साथ खेला बास्केटबॉल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मई 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा एसपी भावना गुप्ता रविवार की सुबह गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड पहुंची और बच्चों के साथ मैच खेलीं। इस दौरान एसपी ने बास्केटबॉल खिलाडिय़ों के साथ मिल दो टीम बनाए और अपने में कप्तानी करते हुए खेल भावना के साथ पुरे नियम से 4 क्वार्टर का मैच खेला जिसमें कप्तान भावना गुप्ता की टीम 40-22 से विजय रहीं। इस दौरान एसपी ने खिलाडिय़ों को मैच के बारिकियों पर चर्चा करते हुए खेल का जीवन में महत्व व खेल से अपने को विचारों नियंत्रण रखने की बात कही। वहीं एसपी भावना गुप्ता का तबादला बेमेतरा हो गया है। जाने से पूर्व एसपी ने बच्चों के साथ बास्केटबॉल मैच खेलकर यादगार बनाया। इस दौरान आईएएस राहुल देव, सरगुजा एडिशनल एसपी विवेक शुक्ला, राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह व सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ के समस्त खिलाड़ी उपस्थित थे।

# बारिश के बाद निर्माणाधीन एनएच पर वाहन के फंसने से लगी जाम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

बारिश के कारण शनिवार की रात को अंबिकापुर-रायगढ़ मार्ग पर स्थित निर्माणधीन एनएच पर वाहन फंसने से जाम लग गई। जाम में कई वाहन के साथा एंबुलेंस भी फंस गया। एंबुलेंस में मरीज भी था। जाम लगभग 9 घंटे से अधिम समस तक लगी रही। पुलिस की काफी मशक्कत के बाद लगभग चार बजे भोर में जाम खाली कराया गया।



अंबिकापुर-रायगढ़ मार्ग पर स्थित एनएच का निर्माण पिछले कई वर्षों से चल रहा है। एनएच निर्माण के लिए चेंदरा के पास कच्चे डायर्वसन का निर्माण कराया गया है। डायवर्सन पर आए दिन बारिश होने के वाहन फंसने से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वहीं शुक्रवार को झमाझम बाहरश होने के कारण अंबिकापुर-रायगढ़ मार्ग पर स्थित चेन्दरा के पास निर्माणधीन एनएच सडक़ पर कई वाहन फंस गए। सडक़ पर वाहन फंसने से सडक़ के दोनों ओर लंबी लाइन लग गई। जाम में कई वाहन के साथ एंबुलेंस भी फंसा रहा। एंबुलेंस में मरीज था। जाम के कारण मरीज की जान आफत में पड़ी रहीं। वहीं बताया जा रहा है कि रघुनाथपुर चौकी पुलिस की घंटो मशक्कत के बाद जाम खाली कराया गया।

# भिक्षाटन कर जीवन यापन करने वाले दंपति की पिटाई,पति की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

महामाया मंदिर के सामने भिक्षाटन क्यों करते हो इस बात को लेकर दो युवकों ने भिक्षाटन कर जीवन यापन करने वाले दंपति की बेदम पिटाई कर दी। पिटाई से घायल दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। वहीं कोतवाली पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार मंगरू राम नगेशिया उम्र 62 वर्ष जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह पिछले 25 सालों से अंबिकापुर नावागढ़ में रहकर पत्नी जकनी बाई के साथ महामाया मंदिर के पास भिक्षाटन कर जीवन यापन करते थे। इनके कोई संतान नहीं थे। 18 मई की रात को नावागढ़ निवासी फूलचंद व ढाढू नामक व्यक्ति इनके पास आए और जकनी बाइक के साथ यह कहकर मारपीट करने लगे की तुमलोग महामाया मंदिर के सामने भिक्षाटन क्यों करते हो। इस दौरान महिला का पति मंगरू बीच बचाव करने लगा। इस दौरान दोनों व्यक्ति ने लात घुसों से मंगरू की बेदम पिटाई कर दिए। मारपीट किए जाने से दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान रविवार को मंगरू की मौत हो गई। वहीं इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# गोपालपुर गौठान बना आजीविका का प्रमुख जरिया

» गौठान से जुड़कर महिलाएं कमा रही हैं मुनाफा

» जैविक खाद निर्माण, गौमूत्र उत्पादन कर महिलाएं हो रही हैं सशक्त

- संवाददाता -
बलरामपुर,28 मई 2023
(घटती-घटना)।






प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से गौठानों में ग्रामीण महिलाएं विभिन्न प्रकार से आजीविका की गतिविधियां संचालित कर स्वालंबन की राह पर अग्रसर हो रही हैं। जिले के गोपालपुर ग्राम में गोधन न्याय योजना अंतर्गत निर्मित गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाएं जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रही है। यहां गौठान मवेशियों की देखरेख के उपयुक्त स्थान के साथ ही महिलाओं के लिए आजीविका की गतिविधियों का एक सशक्त जरिया भी है। कभी दूसरों के खेतों में रोजी-मजदूरी का काम करने वाली ग्रामीण महिलाएं अब समूह के माध्यम से गौठान में संचालित जैविक खाद निर्माण, गौमूत्र का उत्पादन कर अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। जिसके माध्यम से वे अपना और अपने परिवार की आजीविका को समृद्ध और मजबूत बना रही है।

गोपालपुर गौठान में अब तक लगभग 3 लाख 50 हजार किलोग्राम गोबर की खरीदी की गई है। जिसके एवज में उन्हें लगभग 7 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। गौठान में महिला समूह द्वारा अब तक जैविक खाद का उत्पादन कर लगभग 11 लाख रुपए के खाद का विक्रय किसानों को किया है। जिससे उन्हें लगभग 5 लाख का लाभ हुआ हैं। समूह की महिलाओं द्वारा गोमूत्र का क्रय कर ब्रह्मास्त्र एवं द्रव जीवामृत का उत्पादन किया गया। इस जैविक कीटनाशक दवाई को बनाकर कीटनाशक विक्रय के माध्यम से लगभग 09 हजार रूपए का लाभ अर्जित किया गया। गोपालपुर के इस गौठान से जुड़कर अलग-अलग स्व सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बनी है। इनके जिंदगी में योजना संचालन से सकारात्मक बदलाव हुए है। इन महिलाओं ने गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर आय हासिल की है।

महिला समूह की सदस्य बताती हैं कि जैविक कीटनाशक फसलों के उत्पादन के लिए लाभदायक है। जो कि फसलों को अनेक कीटों से बचाता है। यहां शासन द्वारा गोमूत्र कर खरीदी 4 रूपये प्रति लीटर के दर से की जाती रही है। समूह की सदस्य बताती है कि प्राप्त आय से वे अपने परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति की है। समूह की महिलाएं बताती है कि समूह से जुड़ने के बाद वे आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। साथ ही अपने घर परिवार की आवश्यकताओ की पूर्ति करने में सक्षम बनी है। समूह की महिलाओं ने गौठान से जुड़कर स्वावलंबी बनाने हेतु प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# शादी का झांसा देकर महिला से बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनेया निवासी नवीन टोप्पो शादी का झांसा देकर 12 अप्रैल 2019 से 4 मई 2023 तक बलात्कार करता रहा। इसके बाद शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे, उप निरीक्षक अनीता आयाम, महिला आरक्षक भोली राजवाड़े, आरक्षक अमृत सिंह, अरविन्द उपाध्याय, प्रविन्द्र सिंह शामिल रहे।

# जिले के गौठानों में होगा सुगंधित तेल का उत्पादन

- संवाददाता -
सूरजपुर,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

ग्राम पंचायतो की तस्वीर बदलती दिख रही है। ग्राम पंचायतों में नरवा, गरूवा, घुरूवा व बाड़ी के संरक्षण, संवर्धन के कार्यों में मूर्त रूप ले लिया है। इस योजना के तहत जिले के जनपद पंचायत प्रतापपुर के वर्तमान में 78 गौठान स्वीकृत है, जिसमे प्रतापपुर के 56 गौठानों में गोबर खरीदी और वर्मी खाद तैयार करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, साथ ही गौठान में पशुओं के डे-केयर सेंटर के रूप में विकसित किया गया है जिस अन्तर्गत चारा खिलाने हेतु कोटना निर्माण, पेयजल हेतु पानी टंकी का निर्माण, बारिश के दिनों में पशुओं के बैठने हेतु चबुतरा निर्माण, अंजोला टैंक निर्माण, वर्मी खाद तैयार करने हेतु पक्का वर्मी टैंक निर्माण, सी.पी.टी., डब्ल्यू.ए.टी. व चौक लिंक फेंसिंग कार्य एवं मल्टी एक्टिविटी सेंटर के लिए बकरी शेड, मुर्गी शेड एवं मशरूम शेड का निर्माण किया गया है।




ड्रीम प्रोजेक्ट सुराजी गांव योजना के तहत गांव-गांव स्थापित गौठान रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के जीवंत केन्द्र के रूप में उभर रहे है। वर्तमान में विकास खण्ड प्रतापपुर अंतर्गत 02 गौठानो खड़गवाकला एवं सत्तीपारा में इस योजना का संचालन किया जा रहा है। गतिविधियों से ग्रामीणो को उनके गांव में ही रोजगार मिल रहा है और उनसे उन्हें अच्छी आमदनी भी हो रही है। साथ ही साथ आलू चिप्स इकाई, बेकरी, एचडीपीई बैग निर्माण, तेल प्रसस्करण एवं मल्टीग्रेन आटा प्रसंस्करण, मूंगफली प्रसंस्करण इकाई स्थापित किया जा रहा है। दोनों रीपा गौठानों में 5-5 एकड़ भूमि में जेरेनियम प्लांट लगया गया है, जिसका प्रोसेसिंग करके सुंगंधित तेल का उत्पादन किया जाएगा, दोनों जगह प्रोसेसिंग युनिट तैयार किया जा चुका है। जिरेनियम के तेल का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार की दवाई बनाने के रूप में भी किया जाता है। जिरेनियम के तेल का इस्तेमाल करने से अल्जाइमर, तंत्रिका विकृति और कई अन्य विकारों की समस्या को कम करता है। इसके साथ ही इसके तेल से बनी दवाइयों का इस्तेमाल मुंहासों, सूजन और एक्जिमा जैसी स्थिति में भी लाभकारी बताया जाता है। जिरेनियम बढ़ती उम्र के प्रभाव को भी कम करता है। इसके साथ ही मांसपेशिया और त्वचा, बाल और दांतों को होने वाले नुकसान में भी इसका प्रयोग लाभकारी माना गया है।

# मैक्सिको में बाइक रैली में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत,आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाशिंगटन,28 मई 2023।** संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्सिको शहर में शनिवार को हुई बाइक रैली में तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि, पांच लोग घायल हैं। मेयर ने बताया कि बाइक रैली के दौरान गोलीबारी हो गई थी, जिस वजह से तीन लोगों की मौत और पांच लोग घायल हुए हैं। घटना मैक्सिको के रेड रिवर इलाके की है।

### घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा

न्यू मैक्सिको पुलिस का कहना है कि एक घायल को हवाई जहाज से इलाज के लिए डेनवर भेजा गया है। वार्षिक बाइक रैली के मेन स्ट्रीट पर हजारों लोग शामिल हुए थे। यहां बदमाशों ने गोलीबारी की थी। घायलों को इलाज के लिए ताओस के होली क्रॉस अस्पताल और यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, अल्बुकर्क में भर्ती किया गया है।




### बाइक रैली के सदस्यों ने ही चलाई थी गोलियां

मेयर लिंडा काल्होन ने बताया कि गोलीबारी में शामिल सभी बदमाशों को हिरासत में लिया गया है। सभी आरोपी बाइक रैली में ही शामिल थे और बाइक रैली के सदस्य थे। घटनास्थल सहित पूरा इलाका पुलिस की निगरानी में है। घटनास्थल के पास किसी के भी जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने तक लोगों से मेन स्ट्रीट सहित घटनास्थल वाले इलाके पर प्रतिबंध लगाया है। गोलीबारी के बाद इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया था। आदेश के अनुसार, कर्फ्यू के दौरान इलाके में बार, शराब की दुकानें सहित अन्य प्रतिष्ठान शराब नहीं बेच सकेंगे।

### पहले भी हुई थी घटना

कुछ दिनों पहले भी न्यू मैक्सिको के फार्मिंगटन में गोलीबारी हुई थी। गोलीबारी में तीन लोगों की मौत और कई अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी कि संदिग्ध आरोपियों को मुठभेड़ को दौरान मौके पर ही मार गिराया गया था। घटना के बारे में पुलिस ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि मुठभेड़ में स्थानीय पुलिस के एक और न्यू मैक्सिको पुलिस के एक जवान को गोली लगी थी। पुलिस का कहना था कि संदिग्धों की पहचान नहीं हो पाई थी।

# सौहार्दपूर्ण रिश्ते बढ़ाने आएंगे प्रचंड,होंगे कई समझौते,31 मई को भारत आएंगे पीएम

**काठमांडो,28 मई 2023।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' चार दिनी आधिकारिक यात्रा पर बुधवार 31 मई को भारत की यात्रा पर आएंगे। वह सदियों पुराने, बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी व अन्य नेताओं से वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर मुहर लगेगी। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद प्रचंड की यह पहली विदेश यात्रा होगी।

मंत्रालय ने बताया कि प्रचंड (68) के साथ यात्रा पर उनकी बेटी गंगा दहल भी आएंगी। प्रचंड पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत की यात्रा करेंगे। उनके नेतृत्व में मंत्रियों, सचिवों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल



भी आएगा। यात्रा के दौरान पीएम प्रचंड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट करेंगे।

### अच्छे संबंधों को मजबूत करेगा चौथा भारत दौरा

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री की सभी पारियों के रूप में 'प्रचंड' का यह चौथा भारत दौरा है। यह दौरा नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने, बहुआयामी और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत करेगा।

### नेपाली समुदाय को करेंगे संबोधित

प्रचंड नई दिल्ली में नेपाली चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और भारतीय उद्योग परिसंघ के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले व्यापार सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा द्वारा दिए जाने वाले समारोह में नेपाली समुदाय से चर्चा भी करेंगे।

### उज्जैन और इंदौर भी जाएंगे

नेपाली विदेश मंत्रालय के अनुसार, तीन जून को काठमांडो लौटने से पूर्व पीएम प्रचंड का मध्य प्रदेश के उज्जैन-इंदौर का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।


### दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए : भारत

नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि सहयोग के सभी क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हुए हैं। यह यात्रा द्विपक्षीय साझेदारी को और गति देगी।

# गिलगित-बाल्टिस्तान के पहाड़ी क्षेत्र में हिमस्खलन, 11 जनजातीय लोगों की मौत,कई घायल

**इस्लामाबाद,28 मई 2023।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में शनिवार को हिमस्खलन की घटना में खानाबदोश जनजाति के 11 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा, हिमस्खलन की घटना अस्तोर जिले में शाउंटर दर्रे के चंबेली क्षेत्र में हुई। मरने वालों में चार महिलाएं और चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, हिमस्खलन के बाद स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया। बाद में पाकिस्तानी सेना के जवान बचाव अभियान में शामिल हुए।

बचाव अधिकारियों ने बताया कि गुर्जर परिवार के 25 लोग अपने मवेशियों के साथ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से अस्तोर जा रहे थे, तभी वे हिमस्खलन की चपेट में आ गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां 12 की हालत गंभीर बनी हुई है।



इससे पहले, क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक तुफैल मीर ने कहा कि दुर्गम इलाका होने के कारण बचाव दल को प्रभावित क्षेत्र तक पहुंचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना की टुकड़ी फोर्स कमांड उत्तरी क्षेत्र बचाव अभियान में सहायता के लिए हेलीकॉप्टर सेवा, राहत सामग्री और पैरामेडिकल स्टाफ प्रदान किया, लेकिन खराब मौसम के कारण उन्हें साइट पर नहीं भेजा जा सका। अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन बचाव अभियान की बारीकी से निगरानी कर रहा है, जबकि अस्तोर जिला अस्पताल और संयुक्त सैन्य अस्पताल स्कार्दू में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्य सचिव मोहिउद्दीन वानी ने हिमस्खलन की पुष्टि करते हुए कहा कि बचाव दल मौके पर मौजूद है और प्रभावितों की मदद कर रहे हैं। वहीं, गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद खान ने हिमस्खलन में लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया है। साथ ही उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को बचाव अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने आंतरिक सचिव, गिलगित-बाल्टिस्तान आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के महानिदेशक और अन्य अधिकारियों से घटना की तुरंत जांच करने के आदेश दिए हैं।

# कानून प्रवर्तन अधिकारियों को झूठे मामलों में फंसाने की साजिश रच रही PTI,राणा सनाउल्लाह का दावा

**इस्लामाबाद,28 मई 2023।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक ओर जहां उनकी पार्टी के नेता एक के बाद एक उनसे किनारा करते जा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान की गठबंधन सरकार पीटीआई पर बैन लगाने की तैयारी में है। इस बीच, पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने इंटरसेप्टेड फोन कॉल से इमरान खान की पार्टी की फर्जी छापेमारी की साजिश का खुलासा हुआ है।

पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने दावा किया है कि खुफिया एजेंसियों को एक इंटरसेप्टेड फोन कॉल से पता चला है कि इमरान खान की पार्टी कानून प्रवर्तन अधिकारियों को बदनाम करने की साजिश रच रही है। सनाउल्लाह ने कहा कि पीटीआई के इस कदम का उद्देश्य कानून-प्रवर्तन



एजेंसियों को फर्जी आरोपों में फंसाना और बाद में इस मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाना था। हालांकि, सनाउल्लाह ने अपने दावों को पुख्ता करने के लिए कोई सबूत नहीं दिया है।

### इमरान खान ने किया सनाउल्लाह पर पलटवार

वहीं, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान ने रविवार को सनाउल्लाह पर पलटवार किया हैष उन्होंने कहा कि गृहमंत्री साफ तौर पर मीडिया में आने वाली डरावनी कहानियों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि अगर जेलों में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के बारे में कोई संदेह था, तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से ऐसे सभी संदेह दूर हो जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ राज्य द्वारा कभी भी इतना दुर्व्यवहार और उत्पीड़न नहीं किया गया, जितना कि इस फासीवादी सरकार द्वारा किया गया है, जब वे शांतिपूर्वक विरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर रही थीं।

### पीटीआई पर बैन की तैयारी

सत्तारूढ़ पीडीएम सरकार उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को इसकी पुष्टि की कि सरकार पीटीआई पर पाबंदी लगाने पर विचार किया जा रहा है। नौ मई की घटनाओं के बाद खान की पार्टी के 60 से अधिक नेता अलग हो गए हैं। पार्टी छोड़ने वाले प्रमुख नेताओं में महासचिव असद उमर, वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी और पूर्व मंत्री शिरीन मजारी शामिल हैं।

# अमेरिका में ऋण सीमा पर गतिरोध दूर होगा,पर समस्या बनी रहेगी:विशेषज्ञों की राय

**नई दिल्ली,28 मई 2023।** पूर्व अनुमानों के मुताबिक अमेरिका में दोनों प्रमुख पार्टियां कर्ज सीमा बढ़ाने के मुद्दे पर सहमति के करीब पहुंच रही हैं। सत्ताधारी डेमोक्रेटिक और विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी के प्रतिनिधियों के बीच शुक्रवार को हुई वार्ता के बाद दोनों दलों के सूत्रों ने संकेत दिया कि उनमें इस बात पर सहमति है कि ऐसी स्थिति नहीं बननी चाहिए, जिससे अमेरिका के डिफॉल्ट करने (अपने कर्ज चुकाने में अक्षम होने) की नौबत आए। उन्होंने कहा कि अभी भी कुछ मुद्दों पर असहमति है, लेकिन अब समझौता काफी करीब है।

लेकिन विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस समझौते से दुनिया में डॉलर की हैसियत को सिर्फ फौरी राहत मिलेगी। अमेरिका ने असीमित कर्ज लेने की अपनी आदत पर रोक नहीं लगाई, तो डॉलर की साख और रुतबे में गिरावट को रोका नहीं जा सकेगा। मार्केट एक्सपर्ट जिम ग्रांट ने टीवी चैलन सीएनबीसी से कहा- 'आप शायद इसकी कल्पना ना कर पाएं, लेकिन हमारी मुद्रा ही हमारा सबसे बड़ा निर्यात है। इसे दुनिया भर में भुगतान के लिए स्वीकार किया जाता है। लेकिन यह स्वीकृति और डॉलर में कर्ज लेने का चलन हर हाल में जारी रहेगा, हमें इसे निश्चित मान कर नहीं चलना चाहिए।'

डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टियों के बीच ऋण सीमा विवाद में एक प्रमुख मसला सरकारी खर्च में कटौती का है। रिपब्लिकन पार्टी की मांग है कि बाइडेन प्रशासन जन कल्याणकारी योजनाओं पर अपने खर्च में भारी कटौती करे। खबर है कि बाइडेन प्रशासन इसके लिए काफी हद तक तैयार हो गया है। इस बारे में



लिखित आश्वासन मिलने के बाद रिपब्लिकन पार्टी कांग्रेस (संसद) में उस प्रस्ताव को मंजूरी दे देगी, जिससे कर्ज सीमा बढ़ाने का प्रावधान किया जाएगा। फिलहाल तय सीमा के मुताबिक अमेरिका सरकार 31.4 ट्रिलियन डॉलर तक ही कर्ज ले सकती है। इतना कर्ज वह पहले ही ले चुकी है।

ग्रांट्स इंटेरेस्ट रेट ऑब्जर्वर नाम की किताब के लेखक जिम ग्रांट ने उम्मीद जताई कि ऋण सीमा को लेकर जारी गतिरोध जल्द ही दूर हो जाएगा। लेकिन उन्होंने आगाह किया कि बाइडेन प्रशासन जिस हद तक सरकारी खर्च में कटौती के लिए राजी हो रहा है, उससे राजकोषीय घाटे में कमी नहीं आएगी। ग्रांट ने कहा- 'मेरी राय में गतिरोध दूर होगा, लेकिन समस्या बनी रहेगी।'

ग्रांट ने ध्यान दिलाया कि 2011 में भी ऋण सीमा संबंधी विवाद खड़ा हुआ था। तब तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा प्रशासन के इस आश्वासन के बाद गतिरोध दूर हुआ कि सरकार अगले दस साल में 2.2 ट्रिलियन डॉलर की बचत करेगी। जबकि असल में इस दौर में घाटा बढ़ कर 11.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। ग्रांट ने कहा कि इस बार भी गतिरोध दूर करने के लिए कई वादे किए जाएंगे। लेकिन अतीत के अनुभव के आधार पर यही कहा जा सकता है कि उन सभी वादों को बाद में भुला दिया जाएगा।

अन्य विशेषज्ञों ने भी कहा है कि अमेरिका पर जितना कर्ज चढ़ चुका है, वह डॉलर की हैसियत के लिए खतरा है। सीएनबीसी के कार्यक्रम में इन विशेषज्ञों ने कहा कि ऐसी धारणा बनी रही, तो निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बिल और बॉन्ड्स में पैसा लगाने के पहले कई बार सोचने पर मजबूर हो जाएंगे।

# रूस का राष्ट्रपति बनना चाहते हैं प्रिगोझिन?

**मास्को,28 मई 2023।** यूक्रेन के बाखमुट में रूस को जीत दिलवाने के बाद प्राइवेट आर्मी वागनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन का कद रूस में तेजी से बढ़ा है। यहां ऐसी चर्चा है कि अपनी नई बनी हैसियत के कारण प्रिगोझिन में देश का राष्ट्रपति बनने की महत्त्वाकांक्षा जग गई है। प्रिगोझिन इन दिनों रक्षा मंत्री सहित देश के पूरे सैनिक नेतृत्व की कड़ी आलोचना कर कर रहे हैं। उनके इस बदले तेवर को उनकी इसी महत्त्वाकांक्षा से जोड़ कर देखा जा रहा है।

प्रिगोझिन ने आरोप लगाया है कि रूस सरकार अपने बलों को पर्याप्त मात्रा में गोला-बारूद मुहैया नहीं करा रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि जब वागनर ग्रुप के सैनिक बाखमुट के अंदरूनी इलाकों में लड़ रहे थे, तब रूसी सेना अपने मोर्चे की रक्षा करने में नाकाम रही। उन्होंने इस सिलसिले में राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन पर भी कटाक्ष किया है। एक बयान में उन्होंने पुतिन को उनके लिए रूस में प्रचलित संबोधन 'दादाजी' कह कर संबोधित किया।



अपनी आलोचना का दायरा बढ़ाते हुए अब उन्होंने यहां तक कह दिया है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ना एक बड़ी गलती थी, जो रूस के लिए विनाशकारी साबित हो रही है। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय) ने इस पर चुप्पी साधे रखी है। इसे रहस्यमय माना जा रहा है। जबकि बाखमुट में नौ महीनों तक चली लड़ाई में भले वागनर ग्रुप के सैनिकों ने मुख्य भूमिका निभाई, लेकिन उसका कमान प्रिगोझिन के हाथ में नहीं था। यह नेतृत्व तो सैन्य कमांडरों सर्गेई सुरोविकिन और मिखाइल मिजिन्त्सेव ने किया। प्रिगोझिन के बारे में बताया गया है कि वे प्रशिक्षित सैन्य कमांडर नहीं हैं।

रूसी मामलों के विशेषज्ञ और वॉशिंगटन स्थित थिंक टैंक सेंटर फॉर सिक्युरिटी पॉलिसी में सीनियर फेलॉ स्टीफन ब्रायन ने कहा है कि पुतिन और सेना की आलोचना पर क्रेमलिन की चुप्पी आश्चर्यजनक है, क्योंकि गुजरे महीनों में रूस में ऐसी आलोचना वर्जित रही है। ऐसे करने वाले आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया है। इस सिलसिले में ब्रायन ने जिक्र किया है कि 2024 में रूस में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। पुतिन 70 साल के हो चुके हैं। ब्रायन के मुताबिक पुतिन संभवतः अभी तक यह फैसला नहीं कर पाए हैं कि वे चुनाव मैदान में उतरेंगे या नहीं। ऐसे में इन कयासों को बल मिला है कि संभवतः पुतिन प्रिगोझिन को अपने उत्तराधिकारी के रूप में देख रहे हों। विश्लेषकों के मुताबिक हालांकि प्रिगोझिन ने हाल में पुतिन पर भी कटाक्ष किए हैं, लेकिन अभी भी उन्हें पुतिन विश्वासपात्रों में माना जाता है। पुतिन के अन्य विश्वासपात्रों में रूस की खुफिया एजेंसी एफएसबी के पूर्व प्रमुख निकोलाई पेत्रुशेव और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव भी हैं। पुतिन के संभावित उत्तराधिकारियों में हाल तक इन दोनों के नाम की चर्चा रही है। लेकिन बाखमुट युद्ध में जीत के बाद इसमें प्रिगोझिन का नाम भी जुड़ गया है।

चर्चा यह है कि प्रिगोझिन राष्ट्रपति पद चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गए हैं। लेकिन उनके निकट सूत्रों का कहना है कि अगर पुतिन ने चुनाव ना लड़ने का फैसला किया, तभी वे मैदान में उतरेंगे।

# आपका खेल खत्म हो गया है, इमरान खान : मरियम नवाज

**इस्लामाबाद,28 मई, 2023।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, इमरान खान, आपका खेल खत्म हो गया है। यह दावा मरियम और उनकी पार्टी के नेताओं द्वारा पहली बार नहीं किया गया, लेकिन इस बार, 9 मई के दंगों के बाद पीटीआई के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा बड़े पैमाने पर पलायन को ध्यान में रखते हुए किया गया। इमरान के खिलाफ ऐसा लगता है कि वह एक हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं। 9 मई के दंगों के बाद पहली बार एक युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए मरियम ने कहा, यह परिवर्तन (पीटीआई मंत्र तबदेली की ओर इशारा करते हुए), उसी खुले सीवर में डूब जाएगा, जिससे यह निकला था। खान पर 9 मई के दंगों का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाते हुए, मरियम ने कहा कि लोग इमरान और न्यायाधीशों को नहीं बख्शेंगे, उन्होंने मुख्य न्यायाधीश उमेर अता बांदियाल का जिक्र किया।



मरियम ने पीटीआई के कार्यकर्ताओं और नेताओं को डरपोक होने के लिए फटकार लगाते हुए कहा कि इमरान और उनकी पार्टी थोड़ी देर के लिए भी मुश्किलों का सामना नहीं कर सकती, जबकि उनके पिता नवाज शरीफ और उनकी पूरी पार्टी दुस्साहस के सामने खड़ी थी। पीएमएल-एन एसवीपी ने कहा, जिन्होंने नवाज शरीफ को कोड़े मारने की कोशिश की, उन्हें खुद कोड़ा मार दिया गया है। मरियम ने कहा कि इमरान और उनके लोगों ने जिस तरह का काम किया है, कोई भी दुश्मन ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर सकता। जैसे ही इमरान को गिरफ्तार किया गया, उनके लोगों ने पहले से ही नियोजित विरोध के साथ देश भर में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करना शुरू कर दिया।

# तुर्किये में दूसरे चरण का मतदान सम्पन्न,राष्ट्रपति पद के लिए एर्दोगन को कड़ी चुनौती


**अंकारा,28 मई 2023।** तुर्किये में दूसरे चरण का राष्ट्रपति चुनाव रविवार को सम्पन्न हुआ। लंबे समय से सत्ता में काबिज रेसेप तैयप एर्दोगन और विपक्षी नेता केमल किलिकडारोग्लू राष्ट्रपति चुनाव में दौड़ रहे हैं। रविवार को हुई मतदान के लिए कुल 191,885 मतपेटियां लगाई । देश में कुल 6.4 करोड़ मतदाता रजिस्टर्ड हैं। इनमें से 19 लाख से अधिक विदेशी लोगों ने पहले ही मतदान कर दिया है।

### भविष्य के लिए मजबूत विकल्प चुनना होगा

तुर्किये मीडिया के अनुसार, 24 मई को विदेशी मतदान किए गए थे। रविवार को मतदान वहां के समयानुसार, शाम पांच बजे तक चले। इसके पहले 14 मई को राष्ट्रपति चुनाव का पहला चरण आयोजित किया गया था। दूसरे चरण के मतदान से पहले राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा था कि देश और बच्चों के भविष्य के लिए मजबूत विकल्प चुनना होगा। वहीं विपक्षी नेता केमल ने कहा कि पहली बार देश को दो उम्मीदवारों और दो विचारों के बीच किसी एक को चुनना होगा। बता दें, 29 अक्टूबर को तुर्किए को अस्तित्व में आए 100 साल पूरे हो जाएंगे। इसके लिए एर्दोगन ने तुर्की की सदी नाम से देश की रणनीति तैयार की है। चुनावों के बाद कार्यक्रम शुरू करने की योजना बनाई गई थी।

### एर्दोगन ने आखिरी चुनावी रैली में विपक्ष को घेरा

अपने आखिरी रैली में एर्दोगन ने विपक्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो



बाइडन के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष को पश्चिमी देशों से आदेश दिया जा रहा है। यदि उनकी सरकार बनती है तो वे पश्चिमी देशों की इच्छाओं के आगे झुक जाएंगे। विश्लेषकों ने अनुमान लगाया कि राष्ट्रपति की दौड़ में एर्दोगन, मुख्य विपक्षी उम्मीदवार केमाल किलिकदारोग्लु और रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी और छह पार्टी राष्ट्र गठबंधन के लिए उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर होने वाली है।

### भूकंप से एर्दोगन के गढ़ को हुआ था ज्यादा नुकसान

तुर्किये के उप विदेश मंत्री ने बताया कि विदेशों में रहने वाले तुर्की के लोगों ने पहले ही मतदान कर लिया है। बताया जा रहा है कि इस साल फरवरी में आए भूकंप में जिन क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा था, उनमें से अधिकतर इलाका राष्ट्रपति एर्दोगन का गढ़ था। राष्ट्रपति की दौड़ में एर्दोगन और किलिकदरोग्लु के अलावा राइट विंग एंसेस्ट्रल अलाइंस के उम्मीदवार सिनान ओगन भी शामिल है। वहीं सेंट्रिस्ट होमलैंड के उम्मीदवार इंस ने बताया कि उनके खिलाफ चलाए गए बदनामी अभियान के बाद उन्होंने इस दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया था। वे तुर्की के सोशल मीडिया पर हफ्तो तक झूठे आरोपो का सामना करते रहे। साल 2018 में उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव की रेस में शामिल हुए थे लेकिन एर्दोगन के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

C M Y K

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर हुआ अमल

## विधायक बृहस्पत सिंह ने दो नवीन पुलिस चौकी का फीता काटकर किया शुभारंभ







- संवाददाता -
बलरामपुर,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

रामानुजगंज विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बृहस्पत सिंह, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने संयुक्त रूप से गत दिवस तातापानी एवं रनहत में नवनिर्मित पुलिस चौकी का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। जिले में दो नवीन पुलिस चौकी के स्थापना से तातापानी के 22 गांव के 15 हजार लोग तथा रनहत के 20 गांव के 15 हजार लोग लाभान्वित होंगे। अब इन गांवों के लोगों को पुलिस सेवा लेने के लिए लंबी

दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी, बल्कि यह सुविधाएं अब इन्हें इन चौकी के माध्यम से मुहैया कराई जाएंगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिला प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिले में दो नवीन पुलिस चौकी निर्माण की मांग की थी। क्षेत्र की आवश्यकता और मांग की गंभीरता को समझते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तातापानी और रनहत में नवीन पुलिस चौकी बनाने की घोषणा की थी। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के समन्वय से इन पुलिस चौकी का शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करते हुए अंततः गत दिवस दोनो नवीन पुलिस चौकी का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक बृहस्पत सिंह ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तातापानी अपने ऐतिहासिक, धार्मिक के साथ पर्यटन क्षेत्र (गर्म पानी के स्रोत ) के कारण प्रसिद्ध है। जिसे देखने आस-पास के क्षेत्रों एव पड़ोसी राज्यों से प्रतिदिन लोग आते हैं। तातापानी महोत्सव के दौरान आवष्यकता को देखते हुए अस्थायी चौकी का निर्माण किया जाता था। इसके साथ ही सीमावर्तीय क्षेत्र होने के कारण यहां पर पुलिस चौकी की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि चौकी के स्थापना से असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और यह जन आकांक्षाओं के लिए सुविधाजनक व फायदेमंद साबित होगा।

उन्होंने कहा कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिला निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है, जिले वासियों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा देने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। जिले में सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण निरंतर प्रगतिरत है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन और जनता के आपसी तालमेल से जिले में असामाजिक गतिविधियों को रोकने में सफलता मिली है। उन्होंने नव नियुक्त चौकी प्रभारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही विधायक श्री सिंह ने तातापानी में पांच लाख रुपये की लागत से यात्री प्रतिक्षालय, पुलिस चौकी में बोरवेल खनन कराने की घोषणा की।

कलेक्टर एक्का ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस चौकी की स्थापना से आस-पास के गांवों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, तथा लोग अपनी प्राथमिक समस्याओं का निराकरण करा सकेंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने पुलिस चौकी तातापानी में शौचालय निर्माण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस और जनता एक दूसरे के पूरक हैं, इसलिए दोनों को ही आपस में सामंजस्य बनाकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। ऐसा करने से पुलिस आपको बेहतर सुरक्षा मुहैया करा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह पुलिस चौकी आमजनों के मांग और सहयोग से बनी है। अब शिकायतकर्ता एवं पीड़ित यहां अपनी समस्या का निदान करा सकेंगे।

विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित

रनहत चौकी के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान विधायक बृहस्पत सिंह ने जनपद पंचायत अंतर्गत परिवार सहायता योजना राशि का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं मच्छरदानी का वितरण, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा किसान किताब एवं कृषि विभाग द्वारा रागी के बीज का वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन प्रशांत कतलम, उप पुलिस अधीक्षक डी.के. सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरत कौशिक, जनपद पंचायत सीईओ के. के. जायसवाल, जिला एवं अनुभाग स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने 167 और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु मिले 5 आवेदन




» 17+ उम्र के 116 दिव्यांग हितग्राही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में हुए शामिल

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में दिव्यांजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने और मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये लगातार खण्डस्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग के प्रभारी उप संचालक श्रीमती अंजना बैक ने बताया कि शनिवार को विकासखंड मुख्यालय भरतपुर के सामुदायिक भवन परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। शिविर में कुल 167 दिव्यांजनों के द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीन प्रमाण पत्र और नवीनीकरण लिए आवेदन किया गया। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण, यूडीआईडी प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र बनाने के साथ नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए निर्धारित स्वास्थ्य जाँच की। इसी तरह से मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए कुल 5 लोगों का आवेदन प्राप्त हुआ। सभी आवेदन पत्रों को आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। शिविर के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया जिसमें 17+ के 164 दिव्यांग मतदाता शामिल हुए। हितग्राहियों ने सेल्फ़ी ज़ोन में फोटो भी खिंचाया। अगला शिविर सोमवार 29 मई को सामुदायिक भवन खड़गवां में आयोजित किया जाएगा।

# 300 महिलाओं ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु ग्रामीण अंचलों मे जागरूकता की ली शपथ

» माहवारी स्वच्छता दिवस पर आयोजित हुईं स्वच्छता संगोष्ठी

» माहवारी स्वच्छता दिवस पर महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य हेतु 300 महिलाओं ने देखी पैडमैन फिल्म

» ग्राम पंचायतों में सरपंच-सचिव ने महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को वितरित किये सेनेटरी-पैड बताई उपयोगिता





- संवाददाता -
बलरामपुर,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले की अधिकांश ग्राम पंचायतों में माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुई। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन स्वच्छाग्रही महिलाओं के साथ किशोरी बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

विदित हो कि प्रतिवर्ष 28 मई को महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महामारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रेमचंद्र बनर्जी ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत व्यक्तिगत स्वच्छता, सेनेटरी पैड का उपयोग, महत्व के साथ बरती जाने वाली सावधानियां पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री जे. आर. प्रधान के द्वारा भी माहवारी स्वच्छता प्रबंधन इसका महत्व एवं स्वस्थ जीवन हेतु जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में महिला एवं किशोरी बालिकाओं को गृह भेंट, टीकाकरण, पोषण दिवस जैसे कार्यक्रमों के दौरान अभियान चलाकर ग्रामीण अंचल की महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है।

प्रशिक्षकों ने स्वच्छता संगोष्ठी में बताया की जागरूकता के आभाव मे व्यक्तिगत स्वच्छता को ध्यान में ना रखने के कारण एवं सेनेटरी पैड की जगह गंदे कपड़ो के उपयोग से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। संक्रमण के इलाज के आभाव एवं सही परामर्श ना मिलने के कारण तथा शर्म एवं झिझक के कारण गर्भाशय का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर रूप धारण कर लेता है और महिला एवं किशोरी बालिकाओं को ऑपरेशन जैसी स्थितियों से गुजरने के साथ-साथ आर्थिक हानि भी उठानी पड़ती है।

जिज्ञासाओं का मिला समाधान

स्वच्छता संगोष्ठी के दौरान माहवारी से संबंधित समाज में फैली भ्रांतियां एवं कुरीतियों पर जागरूकता हेतु पैड मैन फिल्म भी दिखाई गई। साथ ही माहवारी के दौरान कमर दर्द, सिरदर्द, पेट दर्द जैसे लक्षणों के निवारण हेतु गर्म पानी का उपयोग, संतुलित आहार, शारीरिक आराम जैसे आसान और सहज तरीके भी बताये गये। स्वच्छता संगोष्ठी के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सामुदायिक जागरूकता हेतु शपथ ली की माहवारी पर शर्म एवं झिझक छोड़कर खुलकर चर्चा करेंगे। जिससे एक स्वस्थय समृद्ध सुपोषित समाज का निर्माण हो सके।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बनर्जी व कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री जे.आर. प्रधान के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की टीम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, मितानिन, स्व-सहायता समूह की सक्रिय महिलाएं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही।

# शराब बंदी पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन



- संवाददाता -
कोरबा, 28 मई 2023
(घटती-घटना)।

आज कवासी लखमा का कोरबा दौरा रहा, इसी दौरान भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के द्वारा शराब बंदी कराने को लेकर एसडीएम को सौंपा गया

ज्ञापन शराब दुकान बंद कराने को लेकर 27 मई से शराब बंदी का अभियान चलाया जा रहा, जो 31 मई तक लगातार चलता रहेगा, इसके तहत् भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के द्वारा शराब दुकान को बंद कर वहां पोस्टर चस्पा किया जा रहा एवं रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहद्य द्य इस रैली में काफी अधिक संख्या में पार्टी के सदस्यों के अतिरिक्त आस पास की कुछ जागरूक महिलाएं व पुरुष भी शामिल हुए, जो कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का पुरजोर विरोध करती नजर आई द्य इस प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष श्रीमती वैशाली

रत्नपारखी, महामंत्री श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी रेखा श्रीवास, सोशल मीडिया प्रभारी ज्योति गायत्री दास, मंत्री हार बाई यादव, मंडल अध्यक्ष स्वाति कश्यप , महामंत्री पुष्प कला साहू निर्मला साहू , सुनीता दास, कृष्णा राठौर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, कन्या शक्तिसंयोजिका प्रीति स्वर्णकार, मंडल अध्यक्ष दिनेश सेन, मंडल अध्यक्ष रामावतार पटेल, पिंकू रंजन, गीता चौहान ,सरिता दास, गायत्री श्रीवास, गीता चौहान, ममता यादव एवम अधिक संख्या में पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय का किया गया जोरदार स्वागत



- संवाददाता -
कोरबा,28 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा के बुधवारी स्थित आदिवासी शक्तिपीठ में आयोजित आदिवासी महापंचायत में शामिल होने प्रदेश के आबकारी व वाणिज्यिक कर मंत्री कवासी लखमा एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय कोरबा पहुंचे द्य जिले के एनसीडीसी स्कूल स्थित हेलीपेड पर आबकारी व वाणिज्यिक कर मंत्री कवासी लखमा एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय का कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया द्य इस दौरान प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल स्वयं मौजूद होकर दोनों ही मुख्य अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। दोनों ही नेता अद्यदिवासी शक्तिपीठ में बने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के साथ ही आदिवासी महापंचायत के कार्यक्रम में हुए शामिल।

# वाड्रफनगर विकासखंड में आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने की प्रक्रिया युद्ध स्तर पर जारी

» अब तक विकासखंड के 65 प्रतिशत से अधिक लोगों का बना कार्ड

- संवाददाता -
बलरामपुर,28 मई 2023 (घटती-घटना)।

केन्द्र व राज्य सरकार के मंशानुसार एवं कलेक्टर श्री रिमीजीयुस एक्का के निर्देशन में बलरामपुर जिले के विकासखण्ड वाडफनगर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री शशि चौधरी ने बताया कि विकासखण्ड वाडफनगर में राशन कार्ड के डाटा अनुसार कुल 171279 हितग्राही है। जिनमें से वर्तमान में कुल 112246 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है, जो कि 65.53 प्रतिशत है। श्री चौधरी ने कहा कि छुटे हुए समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड विकासखण्ड में कार्यरत व्ही.एल. ई. एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पंजीकृत समस्त चिकित्सालयों में निरंतर निःशुल्क बनाया जा रहा है। योजना के तहत पात्र बी. पी. एल. परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख तक का एवं ए. पी. एल. परिवारों को 50 हजार प्रतिवर्ष नगद रहित उपचार की सुविधा प्रदेश या प्रदेश से बाहर किसी भी पंजीकृत चिकित्सालय में प्राप्त किया जा सकता है। योजना के तहत जिन हितग्राहियों का अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है वे सभी अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (बेब), स्वास्थ्य कार्यकर्ता या फिर चिकित्सालय मे जा कर अपना व अपने पूरे परिवार का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड पंजीयन करवा सकते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि सभी हितग्राही यह कार्ड अवश्य बनवाएं और शासन की स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लें। उन्होंने सभी को कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर को अपने साथ आवश्यक रूप से ले जावें

# बोरी,बेग सिलाई से महिलाओं ने कमाए 66 हजार




- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,28 मई 2023
(घटती-घटना)।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप रीपा गोठानों में विभिन्न आय अर्जक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। रीपा में काम करके युवा उद्यमी और समूह की दीदियाँ बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने 1 लाख 24 हज़ार की लागत से बोरी बेग निर्माण इकाई स्थापित किया। बोरी बेग बनाकर उन्होंने अब तक कुल 1 लाख 90 हज़ार रुपये की आय अर्जित की। इससे उन्हें शुद्ध 66 हजार रुपये का लाभ हुआ। उन्हें घर के कामों के साथ स्वरोज़गार के साधन मिल रहे हैं जिससे महिलायें बहुत ही उत्साहित नज़र आ रही हैं। दुबछोला रीपा में स्व-सहायता समूह की दीदियाँ बोरी बेग निर्माण के साथ मशाला उत्पादन, फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य, अगरबत्ती निर्माण, फेब्रिकेशन का कार्य बेहतर तरीके से कर रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक श्री तरुण सिंह ने बताया कि लक्ष्मी स्व-सहायता समूह दुबछोला की दीदीयाँ बोरी बेग निर्माण का कार्य करती हैं। गोठान से जुड़ने के बाद उन्हें रीपा योजना के माध्यम से शेड और भवन प्राप्त हुआ जिससे उनके कार्य का विस्तार हुआ। शासन के द्वारा पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने से समूह की दीदियों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है। जिला प्रशासन के द्वारा समय समय पर मार्गदर्शन के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न आय अर्जक गतिविधियों से जुड़कर वे अपने आप को आत्मनिर्भर एवं सशक्त महसूस कर रही हैं।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने दी प्रदेश में विकास को नई दिशा:गुलाब






## विधायक कमरो ने किया बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमि पूजन

ईश्नु प्रसाद यादव
मनेन्द्रगढ़,28 मई 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा के 15 साल के शासन में हमारा प्रदेश दिनों-दिन विकास की दिशा में न केवल भटका, बल्कि देश के अन्य राज्यों से भी बहुत पीछे छूट गया था, लेकिन प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में प्रदेश को नई ऊंचाईयां देते हुए नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार किया है।

उक्त बातें सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 9 ग्राम पंचायतों में 51 लाख की लागत बहुप्रतीक्षित सीसी सड़क, देवगुड़ी और पुलिया निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान कही। विधायक गुलाब कमरो ने ग्राम पंचायत केराबहरा, कछौड़, रोझी एवं बुलाकीटोला में अलग-अलग 5 लाख 20 हजार की लागत से सीसी सड़क, बडक़ाबहरा में 3 लाख की लागत से देवगड़ी निर्माण, ग्राम पंचायत चरवाही के लक्ष्मीपुर मार्ग में 5 लाख तथा बुलाकीटोला में लाल सिंह के घर के पास 7 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत घाघरा में 2 लाख तथा तिलोखन में 5 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य कुल 51 लाख की लागत से निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया।

विधायक कमरो ने गाँवों में जनसंपर्क कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी साथ ही ग्रामीणों एवं जनप्रतिनधियों के साथ बैठ कर क्षेत्र में अब तक हुए बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों और उससे मिल रहे लाभ की विस्तार से जानकारी ली वहीं विधायक ने विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल लगाकर ग्रामीण जनों की समस्याएं भी सुनीं और उनकी मांग पर कई विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, जनपद सदस्य अनीता सिंह, रामलाल सिंह, लक्ष्मी बाई, मकसूद अलम, सरपंच रामबाई, गंभीर सिंह, रजमतिया अगरिया, गोविंद सिंह, चंपाकली, अमर साय, चंद्रवती, पंचवती एवं कुंवर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एनकेएच हॉस्पिटल में सांसद ज्योत्सना महंत ने एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी का किया शुभारंभ



- संवाददाता -
कोरबा,28 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा एनकेएच सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में कैथलैब का शुभारंभ सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने किया। इस मौके पर उन्होंने कोरोना काल में डॉक्टरों द्वारा की गई सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों को सुलभ और सस्ता ईलाज मिले। एनकेएच की प्रशंसा करते हुए श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि प्राकृतिक आपदा कभी भी बता कर नहीं आती। कोरोना महामारी के समय निजी क्षेत्र के अस्पतालों ने लोगों के ईलाज करने में काफी हद तक सहयोग किया था जिससे महामारी पर काबू पाया जाना संभव हुआ। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में इतनी सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल अपने आप में कीर्तिमान है। मैं डॉक्टर तो नहीं हूँ लेकिन प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बीच-बीच में चिकित्सकों से बातचीत करती रहती हूँ। डॉ. सूर्यवंशी से कई बार मेरी बात होती रहती है। डॉक्टर वास्तविकता में भगवान का रूप होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर राज किशोर प्रसाद ने कहा कि जिले में निजी क्षेत्र में इतनी सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य सेवाएं देने वाला यह पहला अस्पताल है। निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं जितनी मजबूत होंगी, जनता को उतना ही सुलभ ईलाज मिलना संभव होगा। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.शंकर पालीवाल ने कहा कि यह अस्पताल अपने नौ वर्ष पूर्ण कर चुका है और दसवें वर्ष में पदार्पण कर रहा है। नौ वर्ष पूर्व किराए के भवन में 10 बिस्तरों वाले हास्पिटल के साथ मैने डॉ. जी एल वाधवानी और डॉ.एस.चंदानी के साथ चिकित्सा सेवा शुरू किया था। उस समय डॉ. चंदानी का लक्ष्य एक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल खोलने का था, वो आज पूर्ण हुआ। स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करते हुए उन्होंने आज कार्डियक सेंटर का शुभारंभ किया है। एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस चंदानी ने अस्पताल का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि 2014 में वर्तमान भवन में 100 बेड अस्पताल की शुरूआत की। अस्पताल में इनडोर सुविधा, ऑपरेशन थियेटर व जनरल सर्जन के साथ गायनिक की सुविधा थी। इसके साथ ही हाईटेक्नोलॉजी सोनोग्राफी, मॉड्यूलर ओटी के अलावा न्यूरो सर्जन के साथ एक सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल का शुभारंभ किया गया। एनकेएच अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई जो किडनी के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। कोरोना महामारी के दौरान एनकेएच ग्रुप द्वारा जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया गया और पूरे अस्पताल को कोविड अस्पताल में तब्दील कर दिया गया तथा पूरे स्टाफ, नर्स व डाक्टरों की टीम ने दिन-रात अथक मेहनत की। रायपुर के एसएमसी कार्डियोकेयर सेंटर के सुपर स्पेशलिस्ट व ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ.सतीश सूर्यवंशी व डॉ.एसएस मोहंती के द्वारा एनकेएच में अपनी सेवाएं निरंतर दी जाएगी जिससे लोगों को बाहर रूख करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रति माह सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर हॉस्पिटल में लोगों को सुविधा प्रदान करते हैं।11 ड्यूटी डाक्टर के अलावा 12 सुपर स्पेशलिस्ट विभाग के डॉक्टर के अलावा 3 सौ से ऊपर नर्सिंग स्टाफ व मैनेजमेंट की टीम अपनी सेवाएं इस अस्पताल को दे रहे हैं। अस्पताल में कैथलैब की सुविधा प्रारंभ होने से ह्दयरोगियों को एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी व पेसमेकर से संबंधित जानकारी व इलाज संभव हो गया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों को डॉ .वंदना चंदानी, डॉ. एस. चंदनी व डॉ. सूर्यवंशी द्वारा स्मृति चिन्ह सहित शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. एस. चंदानी ने किया। इस अवसर पर एनकेएच के समस्त डॉक्टर, स्टाफ सहित शहर के डॉक्टर उपस्थित रहे।

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर बालको ने संयंत्र और टाउनशिप परिसरों में स्थापित किए सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीन





- संवाददाता -
कोरबा,28 मई 2023 (घटती-घटना)।

वेदांता एल्यूमिनियम की अनुषंगी कंपनी तथा देश की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक इकाई भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर संयंत्र परिसर में सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीन स्थापित किए। कार्यस्थल पर महिलाओं के स्वास्थ्य और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की मजबूती की दिशा में उठाए गए इस कदम से स्वच्छ, स्वास्थ्यप्रद और किफायती सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। माहवारी के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति महिलाओं की जागरूकता और कार्यस्थल के पर्यावरण को समावेशी और संवेदनशील बनाने की दृष्टि से बालको का यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। बालको की ओर से उपलब्ध ये सैनिटरी नैपकिन 100 फीसदी जैविक रूप से नष्ट हो सकते हैं, जिससे पर्यावरण पर शून्य नकारात्मक असर होगा। माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करने और महिलाओं को माहवारी के दौरान निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए बालको ने संयंत्र के 30 महिला प्रसाधन परिसरों में मशीनों की स्थापना की है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने शनिवार को बालको लर्निंग सेंटर में सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीन का उद्घाटन किया। इनमें विभिन्न कार्यालय, शॉप फ्लोर, कैंटीन, टाउनशिप और बालको अस्पताल परिसर शामिल हैं। सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता, मशीनों के निर्बाध संचालन और अनुरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दीवारों के सहारे स्थापित पुश बटन वाले एक मशीन की संग्रहण क्षमता 100 इकाइयों की है। बालको की विद्युत उत्पादन इकाई में कार्यरत मिताश्री दास ने सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीनों की स्थापना को प्रशंसनीय बताया। उन्होंने कहा कि इससे माहवारी की चुनौतियों से निपटने और कार्यस्थल पर बिना किसी दबाव स्वतंत्रतापूर्वक काम करने की दिशा में महिला कर्मचारियों को मदद मिलेगी।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको अपने कार्यस्थल को समावेशी बनाने के लिए कटिबद्ध है, ताकि कर्मचारियों को जीवन की विविधतापूर्ण जरूरतों के अनुरूप सुविधाएं मिल सकें। कर्मचारियों का स्वास्थ्य, स्वच्छता और निरोगी जीवन बालको प्रबंधन के लिए सर्वोपरि है। महिलाओं की आधारभूत आवश्यकता की दृष्टि से उन्हें कार्यस्थल पर सकारात्मक और संवेदनशील वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीनों की स्थापना महत्वपूर्ण कार्य है। माहवारी स्वच्छता दिवस पर यह शुरुआत कर बालको प्रबंधन गौरवान्वित है। प्रबंधन को विश्वास है कि बालको की यह पहल मानव जीवन की अहम जैविक प्रक्रिया के प्रति समाज में सामान्य पारस्परिक संवाद, सम्मान व सहयोग की भावना तथा संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता को प्रोत्साहित करेगी।

बालको प्रबंधन द्वारा विविधतापूर्ण कार्य संस्कृति के प्रोत्साहन से संयंत्र की उत्तरोत्तर प्रगति सुनिश्चित हुई है। महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर केंद्रित अनेक कार्यशालाएं प्रबंधन की ओर से समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। उत्कृष्ट मानव संसाधन प्रबंधन के लिए बालको को हाल ही में हैप्पी प्लस बिजनेस वर्ल्ड की ओर से वर्ष 2022 का हैप्पीएस्ट वर्कप्लेस अवार्ड दिया गया। इससे पूर्व ग्रेट प्लेस टू वर्क-2023 और आरोग्य वर्ल्ड हेल्दी वर्कप्लेस अवार्ड-2022 दिए जा चुके हैं।

# गामीण महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल





- संवाददाता -
कोरबा,28 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के तहत निर्मित गौठान ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार का प्रमुख केंद्र बना है। गौठान में शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन करके महिला समूहों को विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिससे समूह की महिलाएं आर्थिक दृष्टि से मजबूत हुई है एवं अपने व अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनी है। इसी कड़ी में करतला जनपद पंचायत के कोटमेर गौठान में संचालित अनेक रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं स्वालम्बन के पथ पर अग्रसर हो रही है। घर के काम काज में अपना समय व्यतीत करने वाली इन महिलाओं के पास आजीविका का अन्य कोई साधन नही था। ये महिलाएं घरेलू कार्यों के साथ ही रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे। सीमित आय होने के कारण उन्हें सदैव आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। जिससे वे चाह कर भी परिवार की आय बढ़ाने में अपना योगदान नही दे पा रही थी। अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में बढ़ोत्तरी करने की मंशा रखने वाली इन महिलाओं के पास आजीविका का जरिया नही होना मुख्य समस्या थी। प्रदेश सरकार ने महिलाओं की इस समस्या को भली भांति समझा और उनको उनके घर के पास ही रोजगार का साधन उपलब्ध कराकर उनकी समस्या को दूर किया। ग्रामीण महिलाओं को गौठान के माध्यम से नियमित रोजागार का साधन मिला है। जहां वे गोबर खरीदी, जैविक खाद निर्माण, साग सब्जी उत्पादन, मुर्गी बकरी पालन जैसे अनेक गतिविधियों का संचालन कर आय कमा रहे है।

कोटमेर गौठान में योजनांतर्गत अब तक गौपालकों से 673 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। खाद विक्रय का भुगतान किसान व पशुपालकों को सीधे उनके खाते में किया गया है।गौठान में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कर रही सरस्वती समूह की महिलाओं द्वारा 248 क्विंटल खाद का निर्माण किया गया है। जिसके अंतर्गत 171 क्विंटल खाद का विक्रय किया गया है। वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय से उन्हें लगभग 68 हजार का लाभ हुआ है। साथ ही गौठान समिति को 95 हजार का आमदनी हुई है। इसी प्रकार जय माँ दुर्गा व जय माँ उमा समूह की महिलाओं द्वारा साग-सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। समूह द्वारा गौठान में मूंगफली, आलू, टमाटर, सहित बरबट्टी जैसे अन्य मौसमी सब्जियों का उत्पादन किया गया था। जिसके विक्रय से उन्हें 1 लाख से अधिक की आमदनी हुई है। उनके द्वारा उत्पादित साग सब्जियों को स्कूल, आंगनबाड़ी सहित स्थानीय बाजारों में विक्रय किया गया है जिससे उन्हें नकद आय प्राप्त होती थी। अब ये महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। साथ ही अपनी परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाकर सुदृढ़ कर रही है। महिला समूह की दीदियों का कहना है कि गौठान से उन्हें आर्थिक संबल मिला है। जिससे वे स्वालम्बी बनकर निरंतर उन्नति की राह पर अग्रसर हो रही है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर जिला बलरामपुर(छ0ग0)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा एकल प्रणाली के तहत श्रेणी 'डी' एवं ऊपर के पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' में केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है तथा नियत तिथि को उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे।

**समय सारिणी:-**
01.निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि-12.06.2023(अपरान्ह 5:30 बजे तक)
02. कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि- 13.06.2023(अपरान्ह 5:30 बजे तक)
03.निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट डाक से प्राप्त करने की अंतिम तिथि-14.06.2023(अपरान्ह3:00 बजे तक)
04.निविदाएं खोलने की तिथि/समय -15.06.2023(पूर्वान्ह 11.00 बजे से)
निविदा सूचना क्रं.17 दिनांक 19.05.2023 प्रति समूह निविदा प्रपत्र का मूल्य750/-है।

| स.क्रं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत(रू. लाख) | अमानत राशि रू. |
|---|---|---|---|
| 1 | Drilling of 150 mm dia TW of Depth 120 meter 02 nos source for PWSS Block Rajpur | 2.04 | 2000 |

निविदा की सामान्य शर्तें,धरोहर राशि,विस्तृत निविदा विज्ञप्ति,दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालीन अवधि में कार्यालय से निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

जी नंबर-01721/1

**कार्यपालन अभियंता**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलरामपुर(छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार भटगांव,तहसील भटगांव जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

-: ईश्तहार :-
रा0प्र0क्रं0/96/2022-23

आम जनता ग्राम भटगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामपति आ0 स्व0 बबन जाति कंवर निवासी ग्राम भटगांव तहसील भटगांव द्वारा अपने माता स्व0 धनमेत के मृत्यु दिनांक 22/10/2013 को मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा अपने माता का मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन बाबत शपथ पत्र,अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।
जिस किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 07/06/2023 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तत्पश्चात कार्यवाही कर दी जावेगी।
आज दिनांक 23/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

सील
**तहसीलदार एवं कार्यपलिक दण्डाधिकारी**
भटगांव जिला सूरजपुर(छ0ग0)



**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव,तहसील भटगांव जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

-: ईश्तहार :-
रा0प्र0क्रं0/106/2022-23

आम जनता ग्राम बांधपारा तहसील भटगांव जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय पैंकरा आ0 स्व0 रामधारी जाति कंवर निवासी बांधपारा भटगांव तहसील भटगांव जिला सूरजपुर द्वारा अपने दादी स्व0 सुखली के मृत्यु दिनांक 01/09/2022 को ग्राम बांधपारा भटगांव घर पर मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा अपने दादी का मृत्यु प्रमाण पत्र के रजिस्ट्रीकरण म0प्र0नियम1973 नियम 10(3)के अतर्गत (आदेश) निर्देश देने हेतु शपथ पत्र,अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।
जिस किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 07/06/2023 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तत्पश्चात कार्यवाही कर दी जावेगी।
आज दिनांक 23/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

सील
**तहसीलदार एवं कार्यपलिक दण्डाधिकारी**
भटगांव जिला सूरजपुर(छ0ग0)



**न्यायालय तहसीलदार उदयपुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

-: ईश्तहार :-
रा0प्र0क्रं0/202303021900046/
अ-21/2022-23
ग्राम-पुटा,प0ह0न0-18

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनसाय आ0 मोहन जाति मझवार निवासी ग्राम पुटा तहसील उदयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि ग्राम पुटा, तहसील उदयपुर में एकल खाता कुल ख0नं0 09 कुल रकबा 0.814 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि में से ख0नं0 284/2 रकबा 0.275 हे0 भूमि को अनावेदक भोलेनाथ आ0 कल्याण जाति गोंड़ निवासी ग्राम बासेन तहसील उदयपुर जिला सरगुजा छ0ग0 को रूपए 1,40,000.00( एक लाख चालीस हजार) मात्र में विक्रय किए जाने का सौदा तय किया गया है जिसमें से रूपए 1,00,000.00(एक लाख रूपए) नगद आवेदक द्वारा अग्रिम प्राप्त कर लिया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को विक्रय करने का कारण अपने नातिन के शादी एवं सिंचाई हेतु ट्यूबवेल खनन हेतु रूपए की आवश्यकता होने से अनुमति हेतु आवेदन मय बी-1,खसरा,आधार की प्रति जाति प्रमाण पत्र की प्रति सहित अनुविभागीय अधिकारी (रा) उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसमें जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 07/06/2023 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावे।
आज दिनांक 18/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
**तहसीलदार उदयपुर**
जिला सरगुजा(छ0ग0)



**न्यायालय तहसीलदार उदयपुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

-: ईश्तहार :-
रा0प्र0क्रं0/202303021900020/
अ-21/2022-23
ग्राम-पुटा,प0ह0न0-18

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विफैया पुत्री स्व0 गेंदा जाति मझवार निवासी ग्राम भकुरमा तहसील उदयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बतायी है कि ग्राम पुटा, तहसील उदयपुर में एकल खाता कुल ख0नं0 09 कुल रकबा 0.385 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि में से ख0नं0 271/3 रकबा 0.077 हे0 भूमि को अनावेदिका खुशमारेन किण्डो पति सुनील कुमार किण्डो जाति उरांव निवासी ग्राम पुटा को रूपए 38,000.00( अड़तीस हजार रूपए) मात्र में विक्रय किए जाने का सौदा तय किया गया है जिसमें से रूपए 20,000.00(बीस हजार रूपए) नगद आवेदिका अग्रिम प्राप्त कर ली है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को विक्रय करने का कारण अपने स्वयं के ईलाज कराने हेतु रूपए की आवश्यकता होने से अनुमति हेतु आवेदन मय बी-1,खसरा,आधार की प्रति जाति प्रमाण पत्र की प्रति सहित अनुविभागीय अधिकारी (रा) उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसमें जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 07/06/2023 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावे।
आज दिनांक 18/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
**तहसीलदार उदयपुर**
जिला सरगुजा(छ0ग0)



**न्यायालय तहसीलदार उदयपुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

-: ईश्तहार :-
रा0प्र0क्रं0/202303021900041/
अ-21/2022-23
ग्राम-पेण्डरखी,प0ह0न0-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका केन्दी पिता ओड़िया जाति मझवार निवासी ग्राम पेण्डरखी तहसील उदयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बतायी है कि ग्राम पेण्डरखी, तहसील उदयपुर में एकल खाता कुल ख0नं0 137/7, 137/8, 137/9 कुल रकबा 0.486, 0.081,0.355 कुल खसरा नं.03 कुल रकबा 0.922हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि को अनावेदकगण खेलसिंह, चमन सिंह दोनो पिता प्रसन्न सिंह जाति कंवर निवासी ग्राम खोंधला तहसील उदयपुर को रूपए 5,00,000.00( पांच लाख रूपए) मात्र में विक्रय किए जाने का सौदा तय किया गया है जिसमें से रूपए 1,00,000.00 (एक लाख रूपए) नगद आवेदिका द्वारा अग्रिम प्राप्त कर लिया है। शेष राशि रजिस्ट्री के समय प्राप्त करेगी। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को विक्रय करने का कारण अपने नाती के शादी एवं अपने पुत्र ईलाज हेतु कर्ज चुकाने हेतु रूपए की आवश्यकता होने से अनुमति हेतु आवेदन मय बी-1,खसरा,आधार की प्रति जाति प्रमाण पत्र की प्रति सहित अनुविभागीय अधिकारी (रा) उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसमें जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 07/06/2023 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावे।
आज दिनांक 18/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
**तहसीलदार उदयपुर**
जिला सरगुजा(छ0ग0)

# डब्ल्यूटीसी फाईनल्स से पहले हुआ बड़ा फेरबदल

## आईपीएल में दमदार खेल दिखाने वाले खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल हुए टीम में शामिल



**नई दिल्ली,28 मई 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन ने क्रिकेट की दुनिया को कई शानदार खिलाड़ी दिए है। इसी में राजस्थान रॉयल्स की टीम के यशस्वी जायसवाल का नाम भी शामिल है। आईपीएल 2023 के पूरे टूर्नामेंट के दौरान यशस्वी ने शानदार खेल दिखाया और शतक ठोका वहीं एक पारी में नाबाद 98 रन भी बनाए। यशस्वी जायवाल की शानदार पारियों के बाद उन्हें भारतीय टीम में मौका दिए जाने की काफी चर्चा और मांग होने लगी थी। पूर्व खिलाड़ी और कोच रवि शास्त्री व पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद कैफ ने भी यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल करने की मांग की थी।

इसी बीच जानकारी आई है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए 21 वर्षीय ओपनिंग बल्लेबाज को मौका दिया गया है। फाइनल मुकाबले के लिए यशस्वी भी इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे। वहीं इस बार रुतुराज गायकवाड़ शादी के कारण टीम में शामिल नहीं हो सके हैं जिस कारण यशस्वी को मौका दिया गया है। यशस्वी को कोच राहुल द्रविड़ के सुझाव के कारण सिलेक्टर्स ने इंग्लैंड भेजने का फैसला किया है। यशस्वी को टीम में बतौर ओपनर के स्टैंडबॉय के तौर पर शामिल किया गया है। जानकारी के अनुसार यशस्वी को स्टैंडबाय के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। वो रुतुराज गायकवाड़ की जगह टीम का हिस्सा बनेंगे। बता दें कि रुतुराज गायकवाड़ की 3-4 जून को शादी है, जिस कारण वो टीम में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसकी जानकारी रुतुराज गायकवाड़ ने बोर्ड को दी है।

बता दें कि इसके बाद बोर्ड ने यशस्वी का नाम तय किया साथ ही उन्हें रेड बॉल से प्रैक्टिस करने के निर्देश दिए है। माना जा रहा है कि जल्द ही यशस्वी इंग्लैंड के लिए रवाना हो जाएंगे। आंकड़ों पर गौर तर तों आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के इस खिलाड़ी ने 14 पारियों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 625 रन बनाए थे। फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 80 की औसत के साथ वो 404 रन बना चुके है।

### रोहित आज जाएंगे इंग्लैंड

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन लंदन के लिए 28 मई को रवाना हुए। वहीं अन्य खिलाड़ी जैसे सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी, शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा आईपीएल का फाइनल मुकाबला होने के बाद 30 मई को इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे। बता दें कि आईपीएल से बाहर होने वाली टीमों में भारतीय टीम के सदस्य पहले ही इंग्लैंड पहुंच चुके है, जिसमें विराट कोहली, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल शामिल है।

# प्रणय मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में

**नई दिल्ली,28 मई 2023।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय मलेशिया मास्टर्स में पुरूष एकल फाइनल में पहुंच गए जब उनके प्रतिद्वंद्वी इंडोनेशिया के क्रिस्टियन एडिनाटा ने घुटने में चोट लगने के कारण सेमीफाइनल मैच छोड़ दिया। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय उस समय 19 . 17 से आगे चल रहे थे जब एडिनाटा को चोट लगी।



विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2019 विजेता एडिनाटा को प्रणय और इंडोनेशियाई कोच ने संभाला। इसके बाद उन्हें कोर्ट से बाहर ले जाया गया। प्रणय का सामना अब चीन के वेंग होंग यांग और चीनी ताइपै के लिन चुन यि के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यह इस सत्र में उनका पहला फाइनल होगा और पिछले साल स्विस ओपन फाइनल हारने के बाद से दूसरा फाइनल है।

वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मरिस्का टी से 14 . 21, 17 . 21 से हारकर बाहर हो गई। ग्रेगोरिया के खिलाफ सात मैच जीतने के बाद सिंधू की यह लगातार दूसरी हार थी। प्रणय ने अपने मैच में शानदार शुरूआत करके 11 . 1 की बढत बना ली। ब्रेक के बाद एडिनाटा ने अगले नौ में से सात अंक बनाये। प्रणय ने क्रॉसकोर्ट पर स्मैश लगाकर आत्मविश्वास वापिस हासिल किया लेकिन सहज गलतियों और एडिनाटा के शानदार खेल के दम पर स्कोर 10 . 14 हो गया।क समय स्कोर 16 . 16 था लेकिन प्रणय ने जल्दी ही 19 . 17 की बढत बना ली। एडिनाटा को चोट लगने से मुकाबला खत्म हो गया। दूसरे मैच में सिंधू आक्रामक खेल नहीं दिखा सकी और ग्रेगोरिया के शानदार डिफेंस का उनके पास कोई जवाब नहीं था। कोच विधि चौधरी उनका हौसला बढाती रही लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। ग्रेगोरिया लगातार उन पर दबाव बनाती रही।

# मेसी की मदद से पीएसजी ने जीता रिकॉर्ड 11वां खिताब

**पेरिस ,28 मई 2023।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लियोनेल मेसी के गोल की मदद से स्ट्रासबर्ग के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर रिकॉर्ड 11वीं बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का खिताब जीता। इस जीत से पीएसजी के 37 मैचों में 85 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से चार अंक आगे हो गया है। लेंस के 37 मैचों में 81 अंक हैं और अब केवल एक दौर के मैच होने बाकी है। मेसी ने 59वें मिनट में काइलियन एम्बाप्पे के पास पर गोल करके पीएसजी को बढ़त दिलाई। पीएसजी के पूर्व स्ट्राइकर केविन गामेरो ने 79वें मिनट में स्ट्रासबर्ग की तरफ से बराबरी का गोल दागा।



मेसी का यह यूरोप में लीग मैचों में 496वां गोल था और इस तरह से उन्होंने यूरोप की शीर्ष पांच लीग में सर्वाधिक गोल करने के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा। लेंस ने एक अन्य मैच में अजाशियो को 3-0 से हराकर अपना दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। इससे उसने अगले सत्र में होने वाली चैंपियंस लीग में भी अपनी जगह पक्की की। पीएसजी ने फ्रांस की पूर्व दिग्गज टीम सैंट एटीने को पीछे छोड़ा जिसने अपना 10वां और आखिरी खिताब 1981 में जीता था। सैंट एटीने पिछले साल दूसरी डिवीजन में खिसक गया था।

# पुलिस ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को हिरासत में लिया

## जंतर मंतर पर उखाड़ फेंके गए पदक विजेताओं के तंबू

**नयी दिल्ली ,28 मई 2023।** विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया को दिल्ली पुलिस ने रविवार को सुरक्षा घेरा तोड़कर महिला 'महापंचायत' के लिए नए संसद भवन की ओर बढ़ने की कोशिश करने के बाद कानून और व्यवस्था के उल्लंघन के लिए हिरासत में ले लिया जिससे जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध-प्रदर्शन का अंत हो सकता है। पहलवानों को जबरदस्ती बसों में बैठाकर अज्ञात स्थल पर भेज दिया गया। पुलिस ने इसके बाद पहलवानों के अन्य सामान के साथ चारपाई, गद्दे, कूलर, पंखे और तिरपाल की छत को हटा दिया। शीर्ष पहलवानों ने 23 अप्रैल को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अपना आंदोलन फिर से शुरू किया था। जंतर-मंतर पर अफरातफरी के बीच पहलवानों और पुलिस अधिकारियों ने एक-दूसरे को धक्का दिया और विनेश फोगाट और उनकी बहन संगीता फोगाट ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की।



विनेश ने हिरासत में लिए जाने के प्रयास के दौरान कड़ा प्रतिरोध किया और संगीता उनसे लिपट कर सड़क पर लेट गई। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें कई अन्य पहलवानों और उनके समर्थकों के साथ घसीटते हुए बसों में बैठा दिया। कानून और व्यवस्था के विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा, ''उन्हें कानून और व्यवस्था का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। हम जांच के बाद कानूनी कार्रवाई करेंगे।'' पहलवानों के नए संसद भवन के सामने रविवार को 'महिला सम्मान महापंचायत' के आह्वान के बाद दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर सुरक्षा कड़ी कर दी थी। संसद भवन की नई इमारत का उद्घाटन रविवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। लुटियंस दिल्ली इलाके में हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था और कई जगत बैरिकेड लगाए गए। संसद भवन से करीब दो किलोमीटर दूर बैठकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने कहा था कि वे किसी भी कीमत पर नए संसद भवन के पास अपनी 'महापंचायत' करेंगे।हालांकि पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रदर्शनकारी को नए भवन की ओर नहीं जाने दिया जाएगा क्योंकि इसके लिए अनुमति नहीं दी गई है और पहलवानों को किसी भी 'राष्ट्र-विरोधी गतिविधि' में शामिल नहीं होना चाहिए। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी और एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता विनेश सहित आंदोलनकारी पहलवान डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं जिन पर उन्होंने कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।



# आईपीएल 2023 फाइनल:विजेता, उपविजेता पुरस्कार राशि और अन्य पुरस्कार

**नयी दिल्ली ,28 मई 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), जो 2008 में शुरू हुआ, दुनिया में सबसे प्रसिद्ध और आकर्षक क्रिकेट टूर्नामेंटों में से एक बन गया है। लीग की लोकप्रियता में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है, जिससे यह खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के लिए अत्यधिक मांग वाली घटना बन गई है।

आईपीएल के उद्घाटन सीजन में विजेता टीम ने 4.8 करोड़ रुपये जीते, जबकि उपविजेता टीम को 2.4 करोड़ रुपये मिले। 15 वर्षों के बाद, पुरस्कार राशि चौगुनी हो गई है, जिसमें विजेताओं ने आश्चर्यजनक रूप से 20 करोड़ भारतीय रुपये और उपविजेता को 13 करोड़ रुपये प्राप्त किए।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड , स्पोर्टस्टार की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल की चैंपियनशिप के लिए कुल पुरस्कार राशि में ढ्हक्र 46.5 करोड़ अलग रखा है। हाल के वर्षों में पुरस्कार राशि में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है, हालांकि, 2016 के बाद से, विजेताओं को 20 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि उपविजेताओं को 2020 तक 11 करोड़ रुपये मिले हैं, जब उन्हें 13 करोड़ रुपये मिले थे।

### आईपीएल 2023 सभी टीमों के लिए पुरस्कार राशि:

**पहला स्थान: 20 करोड़ रुपये**
**दूसरा स्थान: 13 करोड़ रुपये**
**तीसरा स्थान (मुंबई इंडियंस): 7 करोड़ रुपये**
**चौथा स्थान (लखनऊ सुपर जायंट्स): 6.5 करोड़ रुपये**

मुंबई इंडियंस 2020 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन बनी और उसे 10 करोड़ रुपये का चेक मिला। उस वर्ष कोविड-19 महामारी ने लागत में कटौती के इस दृष्टिकोण के कार्यान्वयन का कारण बना।

टीम पुरस्कार के अलावा, खेल के विभिन्न पहलुओं में सफल होने वाले खिलाड़ियों को कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी मिलते हैं। ढ्हक्र 15 लाख का मौद्रिक पुरस्कार ऑरेंज कैप के साथ दिया जाता है, जो सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है, और पर्पल कैप, जो सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी को दी जाती है। टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर को 12 लाख रुपये मिलते हैं, जबकि इमर्जिंग प्लेयर को 20 लाख रुपये दिए जाते हैं।

इनके अलावा पावर प्लेयर ऑफ़ द सीज़न, सुपर स्ट्राइकर ऑफ़ द सीज़न और ड्रीम11 गेम चेंजर ऑफ़ द सीज़न जैसे अन्य पुरस्कार दिए जाते हैं। ये पुरस्कार उन एथलीटों को सम्मानित करते हैं जिन्होंने अपनी टीम के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया है।

2023 में 74 आईपीएल खेलों में से प्रत्येक के बाद प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार सहित सात पुरस्कार भी दिए गए। इनमें से प्रत्येक पुरस्कार में 1 लाख रुपये का मौद्रिक भुगतान शामिल था।

# जब भी हमारे पास बड़े खेल होंगे,गिल विराट, रोहित और एमएसडी के रूप में प्रदर्शन करेंगे

**मुंबई ,28 मई 2023।** गुजरात टाइटंस ने गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालीफायर 2 में मुंबई इंडियंस को 62 रनों से हराकर 2023 आईपीएल फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टाइटंस ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 233 रन बनाए। शुभमन गिल ने 129 रन की शानदार पारी (60 गेंद, सात चौके, 10 छक्के) की थी जिसने जीटी के लिए दरवाजे खोल दिए।

मुंबई ने कई बल्लेबाजों के साथ अच्छी शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन अंत में 10 गेंद शेष रहते हुए 171 रन बनाकर आउट हो गई। सूर्यकुमार यादव ने सर्वाधिक 61 रन (38 गेंदें, सात चौके और दो छक्के) बनाए। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक रीमैच शुरू हो गया है, क्योंकि सीएसके ने मंगलवार को क्वालीफायर 1 में गुजरात को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। शुबमन गिल ने पहली पारी में 129 रन के शानदार प्रदर्शन से मैदान में आग लगा दी, जिससे टाइटन्स ने एक शानदार स्कोर खड़ा किया।



मैच के बाद जिओ सिनेमा के पूर्वावलोकन पर, पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी और विशेषज्ञ सुरेश रैना ने युवा सलामी बल्लेबाज की उच्च प्रशंसा की, ÷हमने जो शांति देखी। इतने बड़े मैच में बॉडी लैंग्वेज बहुत मायने रखती है। मैच में बाद में उन्होंने जो छक्के लगाए, जिन्हें हम पिक-अप शॉट कहते हैं। उन्होंने कार्तिकेय को एक शॉट मारा और उसके बाद, उन्होंने महसूस किया कि वह लाइन में आ सकते हैं और सिर्फ पिक-अप शॉट मार सकते हैं। मुझे उसकी बॉडी लैंग्वेज, उसका आत्मविश्वास, आत्म-विश्वास पसंद आया और उसे बड़े मैचों में खेलने की आदत हो गई है। जरा विराट कोहली को देखिए, जैसा कि हमने पिछले साल जोस बटलर के साथ देखा था। लेकिन आज रात हमने जो प्रदर्शन देखा, जब भी हमारे पास बड़े मैच होंगे, वह विराट, रोहित और एमएस धोनी की तरह प्रदर्शन करेगा।

टाइटंस एक फ्रेंचाइजी के रूप में अपने पदार्पण में पिछले सीजन में अपनी जीत के बाद टाटा आईपीएल चैंपियंस के रूप में अपना ताज बरकरार रखने के कगार पर हैं।

# नोवाक जोकोविच सदमे से प्रभावित होने के बाद रोलैंड गैरोस के सलामी बल्लेबाज से पहले चौंकाने वाली सेवानिवृत्ति स्वीकार

**पेरिस ,28 मई 2023।** पिछले हफ्ते विश्व टेनिस राफेल नडाल द्वारा की गई चौंकाने वाली घोषणा से प्रभावित हुआ, जो न केवल 2023 फ्रेंच ओपन प्रतियोगिता से हट गए, बल्कि यह भी खुलासा किया कि 2024 संभवतः पेशेवर टेनिस में उनका अंतिम वर्ष हो सकता है। स्पैनियार्ड लंबे समय से कूल्हे की चोट से पीड़ित हैं, जो उन्हें इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें खेल से हमेशा के लिए दरकिनार कर दिया गया था। और जबकि रोलांड गैरोस में क्ले-कोर्ट वापसी सुनिश्चित करने के लिए सभी चिकित्सा प्रयास किए गए थे, नडाल के शरीर ने समय पर प्रतिक्रिया नहीं दी। वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम की शुरुआत से पहले, 22 बार के प्रमुख विजेता नोवाक जोकोविच ने चौंकाने वाली सेवानिवृत्ति प्रवेश करते हुए नडाल की घोषणा पर खुल कर बात की। नडाल की अनुपस्थिति 2016 और 2021 में जीत के बाद तीसरे फ्रेंच ओपन खिताब के लिए जोकोविच को भारी पसंदीदा के रूप में छोड़ देती है, जो बदले में उन्हें सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए पुरुष एकल टेनिस में अग्रणी बना देगा।



ईमानदारी से, मैं उसे ड्रॉ में शामिल होने से नहीं चूकता, दुनिया के नंबर 3 ने मुस्कुराते हुए कहा। रोलैंड गैरोस में हमारे रिकॉर्ड में उसके खिलाफ मुझे इतनी सफलता नहीं मिली है। मैं उसे दो बार हराने में कामयाब रहा, लेकिन उसे हासिल करने के लिए मुझे अपना दिल और हिम्मत कोर्ट पर छोड़नी पड़ी। इसलिए मुझे पता है कि उसे कहीं भी, वास्तव में, दुनिया भर में, लेकिन विशेष रूप से यहां खेलना कितना कठिन है।

÷लेकिन, निश्चित रूप से एक टेनिस प्रशंसक और कोई ऐसा व्यक्ति जो टेनिस पारिस्थितिकी तंत्र का भी हिस्सा है, आप हमेशा जीतना चाहते हैं, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ियों को देखने के लिए, दुनिया के सबसे प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ियों को खेलते हुए देखना।

÷तो वह निश्चित रूप से उन लोगों में से एक है जिसने न केवल इस टूर्नामेंट में अपने रिकॉर्ड के मामले में एक इतिहास बनाया है, बल्कि उसने दुनिया भर के कई टेनिस प्रशंसकों का दिल जीत लिया है, और वह अपने करिश्मे और चरित्र और सब कुछ के लिए योग्य है। कि वह अपनी विरासत में छोड़ गया।

# शाहिद के हाथ लगी एक और एक्शन फिल्म,रोमांस से हो रहे दूर

शाहिद कपूर की फिल्म ब्लडी डैडी का बीते दिन ट्रेलर रिलीज किया गया था। फिल्म ब्लडी डैडी के ट्रेलर में शाहिद कपूर काफी एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। वह अपनी इस फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। शाहिद कपूर ने अब एक और एक्शन फिल्म के लिए दक्षिण के नामचीन निर्देशक रोशन एंड्रयूज से हाथ मिलाया, जो मलयालम भाषा के जाने माने व्यक्ति हैं। इस फिल्म का निर्माण सिद्धार्थ रॉय कपूर और जी स्टूडियो मिलकर करेंगे। हालांकि अभी फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी है कि शाहिद कपूर ने एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म साइन की है। शाहिद कपूर की इस फिल्म को रोशन एंड्रयूज डायरेक्ट करेंगे। वहीं, यह पहला मौका है जब सिद्धार्थ रॉय कपूर और जी स्टूडियो किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हों। हालांकि, शाहिद कपूर की इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। इस फिल्म की शूटिंग साल 2023 के सेकेंड हॉफ में शुरू होगी। शाहिद कपूर की इस फिल्म का कहानी एक पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक हाई-प्रोफाइल केस की जांच कर रहा है। जहाँ तक शाहिद कपूर के काम की बात है तो उनकी ब्लडी डैडी 9 जून को प्रदर्शित होने जा रही है। यह सीधे ओटीटी प्लेटफार्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। इस फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद दर्शकों का कहना है कि अब शाहिद कपूर के पास एक्शन पैक्ड सीरीज और फिल्मों की लाइन लगना शुरू हो जाएगी। इसके बाद इस वर्ष शाहिद कपूर की अक्टूबर बार में एक फिल्म प्रदर्शित होगी जिसमें में एक बार फिर से कियारा आडवाणी के साथ दिखाई देंगे। इससे पहले यह जोड़ी कबीर सिंह नजर आई थी। इस फिल्म का एक पोस्टर रिलीज हो चुका है। ये फिल्म अक्टूबर, 2023 में रिलीज होगी। शाहिद कपूर पिछली बार वेब सीरीज फर्जी में नजर आए थे। फरवरी, 2023 में आई इस वेब सीरीज को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। वेब सीरीज फर्जी से शाहिद कपूर ने डिजिटल डेब्यू किया था।



# कान्स में सनी लियोनी ने बिखेरा हुस्न का जलवा,थाई-हाई स्लिट ड्रेस में ढाया कहर

कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में बॉलीवुड स्टार्स का जलवा देखने को मिल रहा है। उर्वशी रौतेला, सारा अली खान से लेकर मृणाल ठाकुर तक कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में अपने लुक का जलवा दिखा चुकी हैं। इन सब के बाद अब सनी लियोनी का कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 से लुक सामने आया है। सनी लियोनी अपनी फिल्म कैनेडी के प्रमोशन के लिए कान्स 2023 में पहुंची है। सनी लियोनी के डेब्यू लुक के बाद उनका नया लुक खूब वायरल हो रहा है, जिसे उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।



# ऑटो की सवारी से घर पहुँची सारा अली खान, कहा गाड़ी नहीं आई

सारा अली खान इन दिनों अपनी अगली फिल्म जरा हटके जरा बचके के प्रमोशन में व्यस्त हैं। मुम्बई में फिल्म के प्रमोशन प्रोग्राम में शामिल होने के बाद घर लौटने के लिए सारा अली खान को ऑटो की सवारी लेनी पड़ी, क्योंकि उनकी गाड़ी नहीं आई थी। सारा अली खान का ऑटो की सवारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हालांकि ट्रोर्ल्स ने उनके इस कदम को सस्ता पब्लिसिटी स्टंट बताया है।




सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जरा हटके जरा बचके को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में सारा अली खान विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी। इसी बीच सारा अली खआन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसी वीडियो में सारा अली खान ऑटो की सवारी करती हुई नजर आ रही हैं। जब पैप्स ने इसको लेकर सारा अली खान से सवाल किया, तब एक्ट्रेस ने कहा गाड़ी नहीं आई। सारा ने कहा कि वो पहले भी कई बार ऑटो का सफर कर चुकी है। इस दौरान सारा अली खान पैप्स से फिल्म को लेकर भी सवाल करती नजर आई। सारा अली खान का ये वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। हर तरह एक्ट्रेस का सादगी की तारीफ होने लगी। इस वीडियो पर सारा अली खान के फैंस दिल वाले इमोजी बनाते हुए नजर आए। आपको बताते चले कि सारा अली खान ऑटो से अपने घर पहुंची थीं।

# कमाल आर खान : आमिर खान बेटी की उम्र की फातिमा सना शेख के साथ शादी करने जा रहे हैं

फिल्म सितारों को लेकर सोशल मीडिया पर आए दिन कुछ न कुछ बोलने वाले कमाल आर खान ने अब आमिर खान को अपने निशाने पर लिया है। उन्होंने आमिर खान और फातिमा सना शेख को लेकर एक ट्वीट किया है, जिस पर लोग जबरदस्त प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। गौरतलब है कि आमिर खान इन दिनों दंगल एक्ट्रेस फातिमा सना शेख संग अपने लिंकअप रूमर्स को लेकर काफी सुर्खियों में हैं।दरअसल हाल ही में आमिर खान और फातिमा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें यह दोनों स्टार्स साथ में पिकलबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस यह अंदाजा लगा रहे हैं कि आमिर और फातिमा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि अभी तक ना तो फातिमा और ना ही आमिर ने अपने रिश्ते पर कोई चुप्पी तोड़ी है। लेकिन अब आमिर और सना के रिश्ते पर कमाल आर खान ने ट्वीट किया है।सेल्फ क्लेम्ड क्रिटिक और एक्टर कमाल आर खान ने एक ट्वीट करते हुए बताया कि आमिर खान और फातिमा सना शेख जल्द ही शादी करने वाले हैं। उन्होंने लिखा, ब्रेकिंग न्यूज- आमिर खान अपनी बेटी की उम्र की फातिमा सना शेख के साथ बहुत जल्द शादी करने जा रहे हैं। आमिर फिल्म दंगल के टाइम से सना को डेट कर रहे हैं। कमाल आर खान के इस ट्वीट पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



CMYK



## मुख्यमंत्री ने दी महेश नवमी की शुभकामनाएं

रायपुर,28 मई 2023(ए)। मुख्यमंत्री बघेल ने माहेश्वरी समाज के उद्भव दिवस और प्रभु शिव की उपासना के पर्व महेश नवमी की प्रदेशवासियों विशेषकर माहेश्वरी समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि यह दिन हम सबको जरूरतमंदों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित होने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है।

# खाद्य अमले की व्यवस्था से सरकार को हो रहा है नुकसान

## ट्रांसपोर्टर को लाभ पहुंचाने खाद्य अमले ने बनाया सिस्टम

### » सालों बाद भी नहीं बदली व्यवस्था..

रायपुर/महासमुंद,28 मई 2023 (ए)। प्रदेश के कुछ जिलों में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा राशन के परिवहन के काम में लगे ट्रांसपोर्टरों को किस तरह सालों से लाभ पहुँचाया जा रहा है, इसका खुलासा अब हो रहा है। महासमुंद के पिथौरा विकास खण्ड मे शासकीय उचित मूल्य की दुकान मे नान के द्वारा आपूर्ति किये जा रहे राशन के परिवहन मे गड़बड़ी का मामला सामने आया है। पिथौरा ब्लॉक में गोदाम होने के बावजूद यहां के राशन दुकानो मे बसना विकास खण्ड से राशन की आपूर्ति की जा रही है, जिससे शासन को अधिक भाड़ा देना पड़ रहा है। वहीं पिथौरा का गोदाम में काम काम होने से यहां काम करने वाले कई हमाल बेरोजगार हो गए हैं। इन्ही की शिकायत के बाद ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में घालमेल की बात सामने आयी है।

जिले हर ब्लॉक में है विभाग का गोदाम दरअसल महासमुंद जिले मे नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के द्वारा 593 शासकीय उचित मूल्य की दुकानो मे राशन की आपूर्ति की जाती है, जिससे लगभग 3 लाख उपभोक्ता राशन लेते हैं, और सैकड़ों हमालो को रोजगार मिलता है। नियमानुसार जिले के पांचो ब्लॉक मे नान का भण्डार गृह है और प्रत्येक ब्लॉक मे उसी भण्डार गृह से राशन का परिवहन कर शासकीय





उचित मूल्य की दुकानो को आपूर्ति किये जाने का नियम है, मगर पिथौरा ब्लॉक मे ऐसा नही किया जा रहा है। पिथौरा ब्लाक मे कुल 129 शासकीय उचित मूल्य की दुकाने है। जिसमे से नान पिथौरा भण्डारण केन्द्र से मात्र 69 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को राशन की आपूर्तिकी जाती है और पिथौरा के 60 शासकीय राशन दुकानो मे बसना विकास खण्ड से राशन की आपूर्ति की जाती है, जो नियमानुसार गलत है। पिथौरा के जिन 60 दुकानो में बसना से राशन की आपूर्ति की जाती है, उसमे अधिकांश शासकीय राशन दुकानो की पिथौरा से दूरी कम है और बसना से दूरी काफी ज्यादा है। जैसे बल्दीडीह की दूरी पिथौरा से 12.5 किमी है और बसना से 27 किमी है, अंसुला की दूरी पिथौरा से 16 किमी है और बसना से 33 किमी, भोकलूडीह की दूरी पिथौरा से 9 किमी है और बसना से 28 किमी, इसके बावजूद नियम को ताक पर रख कर शासन के पैसो का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिससे शासन को हानि तो हो ही रही है, साथ ही हमालो का रोजगार भी मारा जा रहा है, यहां हमालो के सामने आर्थिक संकट छा गया है।

### एक दूसरे पर जिम्मा थोप रहे हैं अधिकारी

जब इस पूरे मामले मे नान व खाद्य विभाग से सवाल किया गया, तो खाद्य विभाग के अधिकारी अजय यादव नान पर लापरवाही का आरोप लगा रहे है, और नान की अधिकारी शालिनी गवेल खाद्य विभाग से मिले सूची के आधार पर राशन आपूर्ति करने की बात कह रही हैं। वैसे जानकारों का कहना है कि राशन वितरण व्यवस्था कैसी हो इसकी जिम्मेदारी खाद्य विभाग की है। यहां दो दशक से भी ज्यादा समय याने सन 2000 से ही राशन ट्रांसपोर्ट की यही व्यवस्था है, मगर अब तक यहां पदस्थ किसी भी खाद्य अधिकारी ने इसे दुरुस्त करने पर विचार नहीं किया।

# इंटरस्टेट बस टर्मिनल में संचालित जोन कार्यालय जाने वाले नागरिकों को अब नहीं देना होगा पार्किंग शुल्क

रायपुर,28 मई 2023(ए)। अंतराज्यीय बस स्टैण्ड परिसर में संचालित होने वाले नगर निगम जोन कार्यालय एवं धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स आने वाले नागरिकों को अब पार्किंग शुल्क नहीं देना पड़ेगा।



सत्यमेव जयते फाउंडेशन ने एवं कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल द्वारा नागरिकों के हितार्थ लगातार चलाए गए अभियान और विरोध-प्रदर्शन के बाद आखिरकार नगर निगम प्रशासन ने मेडिकल स्टोर्स और नगर निगम जोन कार्यालय आने वाले नागरिकों के लिए पार्किंग शुल्क न देने का ऐलान कर दिया है। इस बात की सूचना आम नागरिकों को हो, इसके लिए आज फाउंडेशन की ओर से बस स्टैण्ड में जगह-जगह बैनर-पोस्टर भी लगाया है। मेडिकल स्टोर्स और जोन कार्यालय के लिए पृथक रास्ता देने व निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था हो जाने से अब हजारों नागरिकों के साथ ही आसपास के लोगों को बड़ी सुविधा मिल जाएगी। यहां पार्किंग में बैठे ठेका कर्मचारी अब तक लगातार नागरिकों से दुर्व्यवहार और अवैध वसूली करते आ रहे हैं। नागरिकों द्वारा बताए जाने पर कि वे नगर निगम आए हैं, बावजूद इसके उनसे पार्किंग शुल्क वसूला जाता है। कुछ दिनों पूर्व ही आरएनएस ने इस खबर को प्रमुखता के साथ उठाया था और जिम्मेदारों से चर्चा भी की थी। इसके बाद नगर निगम प्रशासन ने इस पर फौरी कार्यवाही करते हुए नगर निगम जोन कार्यालय जाने के लिए बस स्टैण्ड परिसर में बेरिकेटिंग कराते हुए नया रास्ता तैयार करने का निर्देश जारी कर दिया है। इसके अलावा नगर निगम जोन कार्यालय में आने वाले किसी भी नागरिकों से पार्किंग शुल्क न वसूलने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बस स्टैण्ड में संचालित धनवंति जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स आने वाले नागरिकों को भी पार्किंग शुल्क से मुक्त रखने कहा गया है। अब देखने वाली बात है कि बस स्टैण्ड में अवैध वसूली करने वाले ठेका कर्मचारी नगर निगम प्रशासन के निर्देशों का कितना पालन करते हैं?



# एकलव्य विद्यालय के शिक्षक बोनस अंक से वंचित

### हाई कोर्ट ने शासन को दिया यह आदेश

बिलासपुर,28 मई 2023(ए)। प्रदेश में शिक्षक भर्ती में एकलव्य विद्यालय के अतिथि शिक्षकों को अनुभव का बोनस अंक नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने शासन को एक माह के भीतर नीति में संशोधन करने को कहा है।

### बोनस अंक से किया जा रहा है वंचित

इस मामले में बिलाईगढ़, राजनांदगांव, खैरागढ़ आदि के याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि वे विगत कई वर्षों से केंद्र संचालित एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन की ओर संचालित स्कूलों के अतिथि शिक्षकों को शिक्षक भर्ती में अधिकतम 10 अंक बोनस के दिए जा रहे हैं। पर एकलव्य विद्यालयों के शिक्षकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली विश्वविद्यालय विरुद्ध दिल्ली संविदा कर्मचारी संघ के निर्णय का उल्लेख किया।

### कोर्ट ने बोनस अंक को लेकर दिया निर्देश

हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद शासन को निर्देश दिया है कि बोनस अंक को लेकर सभी को समान अवसर मिल सके, इसलिए शासन अपनी भर्ती की नीति में आवश्यक संशोधन एक माह के भीतर करे। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को शासन के समक्ष तीन सप्ताह के भीतर अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

# खदानों की जगह राजधानी में हो रही अवैध प्लॉटिंग



रायपुर,28 मई 2023(ए)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि रायपुर नगर निगम भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। पूरे रायपुर शहर को योजनाबद्ध ढंग अवैध कामों को अंजाम देकर बेदर्दी के साथ बर्बाद किया जा रहा है।

बृजमोहन ने कहा कि संतोषी नगर, मठपुरैना आदि क्षेत्र में खदानें थी। खदानें सरकारी होती है। सरकारी खदानों की जगह अब प्लाटिंग हो रही है। पचास साल के रिकार्ड के साथ ये मामला मैने विधानसभा में भी उठाया था। विभागीय मंत्री ने जांच के निर्देश भी दिए थे। बावजूद वहा अवैध प्लॉटिंग बदस्तूर जारी है। जिसके चलते कालोनी के लोग भी परेशान है। उन्होंने कहा कि खदानों को पाटकर पर्यावरण विभाग ने वृक्षारोपण करने के लिए पचास लाख दिए थे ताकि पर्यावरण शुद्ध करने की दिशा में कार्य हो सके। परंतु वृक्षारोपण करने की बजाय वहा नगर निगम के संरक्षण से अवैध प्लाटिंग कर पर्यावरण को भी बर्बाद किया जा रहा है। बृजमोहन ने कहा कि मठपुरैना, संतोषी नगर, संजय नगर के पूरे इलाकों का पूरा नापजोक सीमांकन होना चाहिए और अवैध प्लाटिंग पर रोक लगनी चाहिए। क्योंकि शहर बर्बाद हो रहा है बस्तियों का पानी रुक गया है उनकी निकासी रुक गई है। शहर को बर्बाद करने का कोई काम कर रही है तो भूपेश बघेल की सरकार कर रही है। अवैध प्लाटिंग वालों से पैसा खाकर उनको कब्जा करने का अवसर दे रही है।

# एम्स रायपुर में इन 116 पदों पर होगी भर्ती



### जून से पहले करें आवेदन

रायपुर,28 मई 2023(ए)। छत्तीसगढ़ के युवाओ के लिए नैकरी पाने का सुनहरा अवसर निकला है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायबरेली ने 176 , एम्स देवघर ने 73 और एम्स रायपुर ने 116 पदों पर बम्पर भर्ती निकली है। उम्मीदवारों को चयन इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक योग्य उम्मीदवार जून से पहले एप्लीकेशन अप्लाई कर सकते है।

**पदों का विवरण**

प्रोफ़ेसर, एडिशनल प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर

**आयु सीमा**

उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 58 और अधिकतम आयु 70 वर्ष होनी चाहिए।

1956 के भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम की अनुसूची प्रथम और द्वितीय या तीसरे के भाग द्वितीय (तीसरी अनुसूची के भाग द्वितीय में शामिल योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को भी अधिनियम की धारा 13 (3) में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करना चाहिए) में शामिल एक चिकित्सा योग्यता एक स्नातकोत्तर योग्यता अर्थात एमडी/एमएस या संबंधित डिसिप्लिन / विषय में एक मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता।

# एजुकेशन वर्ल्डऑटोनमस कॉलेज ने जारी किया रैंकिंग लिस्ट

### छत्तीसगढ़ का ये कॉलेज टॉप 10 में शामिल

रायपुर,28 मई 2023(ए)। एजुकेशन वर्ल्ड ऑटोनॉमस कॉलेज ने 2023-24 का रैंकिंग जारी कर दिया है। रैंकिंग के टॉप 10 में छत्तीसगढ़ का 1 कॉलेज का नाम शामिल है। वही प्रदेश के 6 कॉलेज को टॉप 100 में जगह मिली है। इस रैंकिंग में शासकीय वी.वाय.टी महाविद्यालय दुर्ग टॉप 10 में जगह बनाने में कामयाब रही है, इस कॉलेज को 9वीं रैंक मिली है। शारदा वर्मा कमिश्नर उच्च शिक्षा विभाग ने बताया एजुकेशन वर्ल्ड ऑटोनमस कॉलेज 2023-24 के रैंकिंग में छत्तीसगढ़ का एक कॉलेज शामिल है।

टॉप टेन में शासकीय व्हीवाईटी महाविद्यालय दुर्ग को 9वीं रैंक, शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर को 14वीं रैंक, शासकीय ई राघवेंद्र राव विज्ञान महाविद्यालय को 19वीं रैंक, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव को 34वीं रैंक, राजीवगांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर



को 42वीं रैंक, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर को 54वीं रैंक मिला है। शारदा वर्मा ने इन सभी कॉलेजों को रैंक मिलने पर मिलने पर बधाई दी है।

# जलाशय से पानी खाली कराकर मोबाइल ढूंढने वाला फूड इंस्पेक्टर के मामले में आया ट्विस्ट

### अब गोताखोर ने लगाया ये आरोप

कांकेर,28 मई 2023(ए)। कांकेर के फूड इंस्पेक्टर और उनका महंगा मोबाइल इन दिनों सुर्खियों में है। सेल्फी के चक्कर में फूड इंस्पेक्टर का मोबाइल खेरकेट्टा जलाशय में गिर गया था। मोबाइल के लिए खेरकेट्टा जलाशय से लाखों लीटर पानी बहाने का निर्देश देने वाले कोयलीबेड़ा के फूड इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया। इस बीच गोताखोर, जिन्होंने मोबाइल निकाला था, उन्हें इनाम का पैसा न मिलने से वो नाराज हैं। अब वे इनाम के राशि की मांग कर रहे हैं।बता दें कि ये पूरा वाकया 21 मई का है। पखांजूर में पदस्थ फूड इंस्पेक्टर रोजश विश्वास अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने परलकोट जलाशय गए थे। इसी दौरान मोबाइल रील बनाते वक्त वेस्ट वेयर के पास टैंक में उनका महंगा फोन गिर गया। जिस वक्त मोबाइल टैंक में गिरा, उस दौरान टैंक में 12 फिट पानी भरा था। फूड इंस्पेक्टर ने मोबाइल निकालने के लिए गोताखोरों की मदद ली और मोबाइल निकालने पर 20 हजार इनाम देने की घोषणा कर दी। इस घोषणा के बाद आसपास कई गोताखोर अपनी किस्मत आजमाने के लिए जलाशय के इस टैंक में उतरे। हालांकि किसी के हाथ मोबाइल नहीं लगा।



# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में कंबोडिया और थाईलैंड समेत 12 राज्यों की रामायण मंडलियां देंगी प्रस्तुति

रायपुर,28 मई 2023(ए)। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव संस्कृति विभाग द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए कंबोडिया और इंडोनेशिया ने स्वीकृति दे दी है। इन दोनों देशों के रामायण मंडली से जुड़े कलाकार अपनी नयनाभिराम प्रस्तुति देंगे।

रायगढ़ में 1 जून से 3 जून तक आयोजित होने वाली इस महोत्सव में इन देशों के अलावा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों के मानस मंडलियों द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगो पर प्रस्तुति देंगे। इस महोत्सव में रामायण के अरण्य कांड पर नृत्य नाटिका की विशेष प्रस्तुति होगी। इसके अलावा प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ और केलो आरती का भी आयोजन होगा।राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और समृद्ध आतिथ्य का संगम दिखेगा। रायगढ़ कलेक्टर तारण प्रकाश




सिन्हा महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजन से जुड़े अधिकारियों से लगातार अपडेट ले रहें है। उन्होंने हाल में ही तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस महोत्सव में पहले दिन 1 जून को महोत्सव की शुरुआत होगी। जिसमें प्रतिभागी दलों का मार्च पास्ट होगा। दोपहर 3 बजे से रामायण मंडलियों की प्रस्तुति शुरू होगी। शाम में इंडियन आइडल फेम प्रसिद्ध सिंगर शन्मुख प्रिया और शरद शर्मा की परफॉर्मेंस होगी।दूसरे दिन 02 जून को दोपहर तीन बजे से रामायण मंडलियां प्रस्तुति देंगी। शाम को प्रसिद्ध गायक बाबा रघुवंशी और भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का समापन 03 जून को दोपहर 03 बजे मंडलियों की अंतिम प्रस्तुतियां होंगी। शाम 6 बजे केलो महाआरती और दीपदान का कार्यक्रम होगा। जिसके पश्चात प्रख्यात कवि कुमार विश्वास रामकथा कहेंगे और प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर के भजनों की प्रस्तुति होगी।



# रायपुर-जगदलपुर एनएच-30 में भीषण सड़क हादसा

### दो ट्रकों में भिड़ंत से लगी आग, जिंदा जला ड्राइवर

बस्तर ,28 मई 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे-30 पर रविवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जहां पर दो ट्रेलर आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी भयंकर थी की दोनों गाड़ियों के आग लग गई। जिसमें एक चालक अंदर ही जिंदा जल गया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। इधर, पुलिस वाहन के नंबर से डिटेल्स खंगाल कर मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मामला बस्तर थाना क्षेत्र का है। यह घटना बस्तर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बालेंगा के पास भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां दो ट्रेलर आमने सामने से टकरा गई. दोनों वाहनों के टकराते ही आग लग गई। हादसे में एक ड्राइवर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पुलिस हादसे में जान गवाने वाले चालक और वाहन मालिकों की पहचान कर रही है। भीषण एक्सीडेंट से वाहनों में आग लगने का वीडियो भी सामने आया है। हादसे के दौरान इस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना फौरन पुलिस को दी। मौके पर जवान पहुंचे। जिन्होंने फायर ब्रिगेड की टीम को भी बुलाया। आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग बुझाने के बाद अंदर से एक जली हुई लाश को बरामद कर लिया गया है। जिसे पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)